RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 35 | जयपुर सोमवार, 03 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, नशे का व्यापार दुश्मन देशों के आतंकी एजेंडे का हिस्सा

### पीएम ने नशा मुक्त अभियान को सामूहिक बनाने पर दिया जोर, बोले- आने वाले 100 रविवार नशा मुक्त भारत की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे

● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा साथियों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी जिस अभियान के साक्षी बन रहे हैं, वह अभियान व्यक्ति के लिए है, परिवार के लिए है, समाज के लिए भी है और सबसे बड़ी बात है ये राष्ट्र के लिए है।

विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशामुक्त युवा, इस मूवमेंट का नाम ही इसके संकल्प को स्पष्ट करता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन देश भारत में ड्रग्स भेजकर और युवाओं को निशाना बनाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अवैध ड्रग्स के कारोबार को दुश्मन के आतंकवादी एजेंडे का हिस्सा



बताया। पीएम मोदी ने कहा, आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहे। यही इस अभियान का उद्देश्य है।

### इस अभियान का क्या है उद्देश्य

**इस** अभियान का उद्देश्य देशभर के युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के मिशन से जोड़ना और इसमें उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह अभियान माई भारत के युवा स्वयंसेवकों के नेतृत्व में देशव्यापी जन भागीदारी अभियान के रूप में शुरू किया जाएगा। इसका लक्ष्य युवाओं को नशे के खिलाफ एकजुट करना और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में उनकी भूमिका को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान एक करोड़ से अधिक युवाओं ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय संकल्प लिया। इस अभियान के तहत देशभर में प्रत्येक रविवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित हो। इन गतिविधियों में खेल प्रतियोगिताएं, वॉकाथॉन, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा, कला प्रतियोगिताएं और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम शामिल होंगे।

### नशामुक्ति के लिए पूरे समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी

**भोपाल, प्रसं।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार हर गली, मोहल्ले, गांव-चौराहे तक नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाकर लोगों को समझाइश दे रही है और नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी कर रही है। प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों पर निकाय और पंचायत की सीमा में हमने शराबबंदी लागू कर दी है। शराब की दुकानें हटा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अब सड़कों के किनारे लगी धूम्रपान की दुकानें धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं, लेकिन वर्तमान समय में दूसरे प्रकार का नशा बढ़ रहा है। युवाओं को बिगाड़ने के तरह-तरह के सामान आ गए हैं। हमारी सरकार ने प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार और नशे के सामानों की तस्करी पर सख्ती से नकेल कसने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर बेहतर समन्वय स्थापित किया है।



#### मुख्यमंत्री ने मैनिट में सभी को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

## कम दूरी, कम लागत... नए मॉडल पर बनेंगे 200 सांदीपनि विद्यालय

### कम बजट में ज्यादा स्कूल खोलने के उद्देश्य से सरकार ने बदला मॉडल, 3,660 करोड़ रुपए से बनेंगे 200 सांदीपनि विद्यालय

**पहले चरण में 370 सांदीपनि विद्यालय संचालित किए जा रहे, प्रत्येक विद्यालय की लागत करीब 35 करोड़ रुपए है**



● भोपाल

मप्र सरकार ने सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण मॉडल में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। दूसरे चरण में बनने वाले सांदीपनि विद्यालय पहले चरण के मुकाबले आकार में छोटे होंगे। इनकी छात्र क्षमता लगभग आधी रहेगी और निर्माण लागत भी करीब आधी होगी। सरकार का तर्क है कि छोटे आकार के अधिक विद्यालय बनने से ज्यादा क्षेत्रों तक इनकी पहुंच होगी और विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। प्रदेश में दूसरे चरण में 200 नए सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। इन पर कुल करीब 3,660 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यानी प्रत्येक विद्यालय के निर्माण पर औसत करीब 18 करोड़ रुपए की लागत आएगी। प्रत्येक नए विद्यालय में एक हजार से 1200 विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था होगी।

इसके उलट पहले चरण में बनाए गए सांदीपनि विद्यालयों की निर्माण लागत करीब 35 करोड़ रुपए थी और उनकी क्षमता 1400 से 3000 विद्यार्थियों तक की है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक सांदीपनि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं और परिणामों के कारण इनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में विधायकों की ओर से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सांदीपनि विद्यालय खोलने की मांग सरकार से की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कम लागत में अधिक संख्या में विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। नई योजना के तहत सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण इस तरह किया जाएगा कि वे विद्यार्थियों के घरों के अपेक्षाकृत नजदीक हों।

### सांदीपनि विद्यालयों की मुख्य विशेषताएं

**अच्छा** बुनियादी ढांचा, शत-प्रतिशत शिक्षक और अन्य कर्मचारी, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लर्निंग, हिंदी के साथ अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशालाएं और समृद्ध पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा और अभिभावकों की सहभागिता।

### मोहन सरकार ने बदला सीएम राइज स्कूल का नाम

**तत्कालीन** शिवराज सरकार ने वर्ष 2021 में 9200 सीएम राइज स्कूल (अब सांदीपनि विद्यालय) खोलने का निर्णय लिया था। 22 जून, 2021 को कैबिनेट की बैठक में सीएम राइज स्कूलों के लिए 6952 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। मोहन सरकार ने अप्रैल, 2025 में सीएम राइज स्कूल का नाम बदलकर सांदीपनि विद्यालय कर दिया था।

### ब्रीफ न्यूज

#### दूसरी बार वंदे भारत से पहुंचा जिंदा दिल

**नई दिल्ली, आरएनएन।** गुजरात में रविवार को एक जीवित डोनर के दिल को वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए अंकलेश्वर से अहमदाबाद पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार है, जब वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए डोनर हार्ट को ट्रांसप्लांट के लिए अहमदाबाद पहुंचाया गया। इससे पहले सूरत से अहमदाबाद तक भी इसी ट्रेन से एक डोनर हार्ट पहुंचाया गया था। दोनों मामलों में डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट किया।

#### चायवालाज के फाउंडर रोहित ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** चायवालाज के फाउंडर रोहित शर्मा ने राजस्थान के दौसा स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। उनकी उम्र सिर्फ 30 साल थी। उन्होंने 17 साल की उम्र में पढ़ाई के दौरान ही स्टार्टअप की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे करके कई शहरों में फैलाया था। पूलिस के अनुसार रोहित साकेत कॉलोनी निवासी शर्मा शनिवार दोपहर अपने घर में फांसी पर लटके पाए गए। परिवार के सदस्यों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें नीचे उतारा।

#### देश के पांच राज्यों में भूकंप के लगे झटके

**नई दिल्ली, आरएनएन।** रविवार 2 अगस्त की सुबह देश के कई हिस्सों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राजधानी दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में अलग-अलग समय पर धरती कांपी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इन भूकंपों की तीव्रता 2.4 से 3.4 के बीच रही। सभी झटके हल्की श्रेणी के थे और किसी भी राज्य से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हालांकि एक ही दिन में पांच अलग-अलग स्थानों पर भूकंप दर्ज होने से लोगों में चिंता जरूर बढ़ गई।

## पत्नी का अगर किसी और से है अफेयर तो नहीं मिलेगा मेंटेनेंस

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, केवल आरोप लगाना पर्याप्त नहीं, पति को ऐसे ठोस सबूत पेश करने होंगे

● नई दिल्ली / आरएनएन

सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर किसी पत्नी के खिलाफ व्यभिचार (एडल्टरी) के आरोप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होते हैं, तो उसे अंतरिम भरण-पोषण नहीं दिया जा सकता।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि व्यभिचार से जुड़े मामले के अंतिम निपटारे तक पत्नी को भरण-पोषण से वंचित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अदालतों का यह मानना त्रुटिपूर्ण होगा कि ऐसे आरोप पर निर्णय केवल सुनवाई के अंतिम चरण में ही किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा, चूंकि, दंड प्रक्रिया



संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125(4) में यह प्रावधान है कि अगर व्यभिचार का आरोप साबित हो जाता है, तो पत्नी न तो अंतरिम और न ही अंतिम गुजारा-भत्ता की हकदार होगी। (शेष पेज 8 पर)

#### पति ने कोर्ट में पेश किए 92 वीडियो

मामले में पति ने पत्नी के खिलाफ सबूत के तौर पर कई तस्वीरें और 92 वीडियो अदालत में पेश किए थे। अदालत ने आशंका जताई कि ये सामग्री किसी निजी जासूस की मदद से जुटाई गई होगी। इसके साथ ही अदालत ने निजी जांच एजेंसियों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, धारा 125(4) के अनुसार, यदि पत्नी किसी अन्य शख्स के साथ व्यभिचार में रह रही हो, या बिना किसी ठोक कारण के अपने पति के साथ रहने से इनकार करती हो, या अगर वे सहमति से अलग रह रहे हों। तो फिर वह गुजारा भत्ता या अंतरिम गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं होगी।

## दतिया उपचुनाव में बाजी किसके हाथ, फैसला आज

**भोपाल, प्रसं।** दतिया विधानसभा उपचुनाव का परिणाम सोमवार को आएगा। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। ईवीएम के मत 15 राउंड में गिने जाएंगे। मतगणना के लिए 20 टेबल पर 350 अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहेंगे। दोपहर 12 बजे तक रुझानों से जीत-हार की तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। दतिया उपचुनाव में 21 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी और कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के बीच है। दोनों ही पार्टियां अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं। बता दें कि दतिया उपचुनाव में 71.44 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो पिछले 23 साल में सबसे कम है। मतदान कम होने से हार-जीत को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

#### 15 राउंड में गिने जाएंगे ईवीएम के मत

## सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर चली गोली, 2 की मौत

### एक पक्ष के दो सगे भाइयों की गई जान, दो लोगों की हालत गंभीर, सभी को ग्वालियर किया रैफर

● मुरैना

सुमावली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घुरैया बसई के हटूपुरा में सरकारी जमीन पर कब्जा जमाने को लेकर हुए विवाद के दौरान एक पक्ष के लोगों को घेरकर की गई फायरिंग में गोली लगने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए ग्वालियर ले जाया गया है।

पुलिस के मुताबिक फायरिंग में राजवीर गुर्जर पुत्र रामजीलाल (42) और उनके छोटे भाई अजब सिंह उर्फ बंटू पुत्र रामजी लाल (30) की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, विकास गुर्जर और पप्पू उर्फ धीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया। आरोपी व फरियादी एक ही परिवार से वास्ता रखते हैं। उनके बीच करीब पांच विस्वा सरकारी जमीन को लेकर विवाद है। इस विवाद को सुलझाने के लिए परिवार के लोगों के बीच में पंचायत चल रही थी। इसके बाद पंचायत में यह तय किया गया कि उक्त जमीन पर रामजीलाल का कब्जा होगा। पंचायत के इस फैसले से नाराज होकर दूसरे पक्ष के लोगों ने खेत पर रामजीलाल और उनके साथियों को घेर लिया, जिसमें उसके तीन पुत्र व एक भतीजा भी था। इसके बाद नाथूराम और उसके रिश्तेदारों के द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमें राजवीर , अजब सिंह विक्की और धीरेन्द्र पुत्र को गोली लग गई।




#### 14 लोगों पर मामला दर्ज

पुलिस ने इस मामले में 14 लोगों पर मामला दर्ज किया है, जिनमें 8 नामजद आरोपी हैं। इनमें नाथूराम उर्फ नत्थो, छोटेलाल उर्फ छोटे सिंह, सचिन, राहुल, बसुमित, सत्यपाल, लवकुश और गोलू नामजद आरोपी हैं, जबकि छह अज्ञात आरोपी हैं। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

## सांसद पप्पू यादव पर प्रेस वार्ता में जूता फेंका गया

**नई दिल्ली, आरएनएन।** पूर्णियां के सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव दिल्ली स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे इस दौरान वहां हंगामा हो गया। राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे पर उनके खिलाफ एफआईआर के मामले पर पप्पू यादव बयान दे रहे थे तभी एक अनजान व्यक्ति ने उनके खिलाफ बयान दिया। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि एक अनजान शख्स उनके साथ धक्का-मुक्की की और वह चाकू लेकर भी आया था। प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान पप्पू यादव ने खुद उस शख्स को अपने बाहों में दबोच लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस शख्स ने धमकियां दी और जूते भी फेंके। घर पर हुए हमले पर कहा, मैंने पहले ही कई एफआईआर दर्ज कराई हैं। मेरे वकील भी यहां मौजूद हैं। मैं डरूंगा नहीं।

#### सांसद का आरोप- प्रेस कॉन्फ्रेंस में चाकू लेकर मारने आया था

बड़ी खोज | चीन के 14 साल के स्टूडेंट की इस तकनीक की मदद से रेगिस्तान और सूखे इलाकों में खेती करना हो सकेगा संभव

## बच्चे ने ईजाद की हवा-कोहरे से पानी बनाने की तकनीक

● नई दिल्ली

पानी की कमी आज के समय में पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासतकर रेगिस्तानी और सूखे इलाकों में, जहां बारिश नाममात्र की होती है, वहां खेती करना असंभव होता जा रहा है। इस समस्या को सुलझाने के लिए खोजी गई एक अनोखी तकनीक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस तकनीक की खासियत है कि इसकी मदद से हवा में मौजूद नमी और कोहरे से सिंचाई के लिए पानी तैयार किया जा सकता है। सबसे हैरान करने वाली बात है कि इस तकनीक को चीन के एक 14 साल के स्टूडेंट ने तैयार किया है, जो भविष्य में खेती के तरीके और सूरत दोनों को पूरी तरह बदल सकती है।

इस तकनीक की खासियत है कि यह जमीन के नीचे मौजूद पानी या बारिश पर निर्भर नहीं रहती। यह हवा में मौजूद नमी और कोहरे की मदद से पानी बनाती है। इसमें एक खास तरह के मटेरियल का इस्तेमाल किया जाता है। यह खास मटेरियल हवा से पानी की भाप को सोखकर उसे कंडेंस करता है और पीने या खेती के लायक पानी में बदल देता है। यह तकनीक बेहद शुष्क इलाकों के लिए वरदान साबित हो सकती है। इस जबरदस्त तकनीक को सिर्फ एक 14 साल के स्टूडेंट ने बनाया है।



इसके लिए उसने साइंटिफिक थ्योरी को आसान तरीके से इस्तेमाल होने लायक बनाकर इस तकनीक को तैयार किया है। 14 साल के इस चीनी स्टूडेंट की तकनीक की तारीफ दुनियाभर की वैज्ञानिक बिरादरी कर रही है। यह तकनीक साबित करती है कि कैसे युवा प्रतिभाएं अपनी नई सोच से पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को दूर कर सकती है।

### इस तकनीक से क्या बदलेगा

**हवा** से पानी निकालने वाली यह तकनीक भविष्य में खेती के तरीके को पूरी तरह से बदल सकती है। इससे हवा में मौजूद नमी का बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसकी वजह से मौजूदा जल स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। इसके अलावा इस तकनीक की मदद से सूखा प्रभावित और कम बारिश वाले इलाकों में भी खेती संभव हो सकेगी, जो कि खाद्य संकट को भी दूर करेगी। इससे ऐसी कृषि को बढ़ावा मिलेगा जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाती। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन पिछले कई सालों से कृषि तकनीकों, बेहतर जल प्रबंधन और सस्टेनेबल मॉडल्स पर लगातार निवेश कर रहा है। तेजी से बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव और रेगिस्तान के विस्तार से निपटने के लिए चीन ऐसी नई तकनीकों को बढ़ावा दे रहा है। यह नया इनोवेशन न केवल चीन के शुष्क इलाकों के लिए उम्मीद की किरण है, बल्कि दुनिया भर के उन देशों के लिए भी एक बेहतरीन मॉडल है जो पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं।

## हड्डी काटे बिना ही बदला दिल का वॉल्व

### सफदरजंग के डॉक्टरों ने रचा इतिहास, बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

● नई दिल्ली

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने दिल का एक बहुत ही मुश्किल ऑपरेशन करके कमाल कर दिखाया है. डॉक्टरों ने रोबोट की मदद से एक मरीज के दिल का खराब वाल्व सफलतापूर्वक बदल दिया है. मरीज को बचपन से ही दिल की एक बहुत ही अनोखी बीमारी थी। दरअसल, इस मरीज का दिल आम लोगों की तरह बाईं तरफ न होकर, सीने के दाहिनी तरफ था।

इसके अलावा उसके दिल की खून की नसें (धमनियां) भी अपनी सही जगह पर नहीं थीं। इस वजह से उसके दिल का एक वाल्व बुरी तरह लीक कर रहा था। वाल्व खराब होने की वजह से मरीज के दिल पर बहुत दबाव पड़ रहा था। उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। डॉक्टर अनुभव गुप्ता और उनकी टीम ने इस ऑपरेशन को किया। आमतौर पर ऐसी सर्जरी में सीने की हड्डी को बीच से काटना पड़ता है, लेकिन डॉक्टरों ने ऐसा बिल्कुल नहीं किया।

### मुझरास टोल प्लाजा बना मौत का जाल

# राजसमंद-भीलवाड़ा हाईवे पर मवेशियों के कारण रोज बढ़ रहे हादसे, सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं

गुरला क्षेत्र में सुबह से शाम तक हाईवे पर बैठते हैं सैकड़ों मवेशी

रात को रेडियम न होने से दिखते ही नहीं, टोल कंपनी और प्रशासन मौन

ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई और गौशाला में शिफ्ट करने की मांग





स्मार्ट हलचल

**गुरला:-(बद्री लाल माली)** राजसमंद से भीलवाड़ा को जोड़ने वाला NH-758 प्रदेश का एक व्यस्ततम राष्ट्रीय राजमार्ग है। इस हाईवे पर रोजाना हजारों की संख्या में भारी वाहन, बसें, कारें और दोपहिया वाहन गुजरते हैं। लेकिन पिछले कुछ महीनों से मुझरास टोल प्लाजा से लेकर गाडरमाला चोराया कारोई गुरला तक का लगभग 10.15 किलोमीटर का हिस्सा वाहन चालकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यहां हाईवे गोचर भूमि में तब्दील हो गया है। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक सैकड़ों की संख्या में गाय, बैल और अन्य मवेशी हाईवे के बीचों-बीच बैठे और घूमते नजर आते हैं। सबसे खतरनाक स्थिति गुरला गांव के राघव होटल के सामने और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माणक लोढ़ा विधालय बेंक चिकित्साल्य के सामने है। यहां मवेशियों का सबसे बड़ा जमावड़ा रहता है।

**हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा**
स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि पिछले कही दिनों में इस 10.15 किलोमीटर के टुकड़े पर छोटे-बड़े कही हादसे हो चुके हैं।

**दिन के समय की समस्या:**
दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक जब तेज रफ्तार से आते हैं तो अचानक सामने मवेशी दिखने पर उन्हें बचाने के चक्कर में ब्रेक लगाते हैं या दिशा बदलते हैं। इससे पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। कई बार बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं

**रात के समय का सबसे बड़ा खतरा:**
रात 8 बजे के बाद स्थिति और भयावह हो जाती है। अंधेरे में काले और सफेद रंग के मवेशी हाईवे पर बैठे रहते हैं। न तो उनके सींग पर रेडियम है, न गले में रेडियम पट्टा। हाईवे पर स्ट्रीट लाइट भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में 80-100 की स्पीड से आ रहा ट्रक या कार जब पास पहुंचता है तब जाकर मवेशी दिखाई देते हैं। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

**जिम्मेदार कौन? टोल कंपनी की लापरवाही**
इस पूरी समस्या की जड़ में ह्ृ्रढ्ढ, टोल कंपनी और की उदासीनता है । ह्ृ्रढ्ढ के नियमों के अनुसार टोल कंपनी की जिम्मेदारी है कि वह टोल प्लाजा से 5 किलोमीटर के दायरे में हाईवे को मवेशी मुक्त रखे। इसके लिए: राउंड द क्लॉक पेट्रोलिंग वाहन, मवेशियों को पकड़ने वाली टीम, मवेशियों के सींग और गले में रेडियम पट्टे, धीरे चलें, मवेशी क्षेत्र हैं' जैसे साइन बोर्ड लगाने चाहिए । लेकिन मुझरास टोल प्लाजा पर इनमें से एक भी व्यवस्था धरातल पर नहीं दिखती।

**स्कूल के बच्चों पर सबसे ज्यादा खतरा**
सबसे ज्यादा चिंता का विषय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माणक लोढ़ा चिकित्सालय बेंक गुरला बस स्टेंड है। स्कूल के ठीक सामने से हाईवे गुजरता है। छुट्टी के समय सैकड़ों बच्चे सड़क पार करते हैं। वाहनों का नुकसान टक्कर लगने से गाड़ियों की मरम्मत पर हजारों का खर्च समय की बर्बादी जाम लगने से लोगों को 30-40 मिनट अतिरिक्त लग जाते हैं। टोल कंपनी 24 घंटे एक टीम रखे जो मवेशियों को हाईवे से हटाकर किनारे करे। विशेष अभियान चलाकर सभी मवेशियों के सींग और गले में रेडियम पट्टे बांधे जाएं।

**गौशाला में शिफ्टिंग:**
आसपास के आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला में शिफ्ट करें।

**साइनेज और बैरिकेडिंग:**
'मवेशी क्षेत्र, धीमी गति' के बड़े साइन बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बने।

**जान से बढ़कर कुछ नहीं**
ह्॥-758 प्रदेश की लाइफलाइन है। लेकिन मुझरास टोल से गुरला तक का हिस्सा आज मौत के कुएं में बदल गया है। एक तरफ हम 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' मनाते हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं हैं।जरूरत है कि ह्ृ्रढ्ढ, टोल कंपनी, जिला प्रशासन और ग्रामीण मिलकर इस समस्या का स्थाई समाधान निकालें। वरना वो दिन दूर नहीं जब इस लापरवाही की वजह से कोई बड़ा हादसा हो जाएगा और तब सिर्फ अफसोस ही बचेगा।

---

### मांडलगढ़ में भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक आयोजित

## 'हर घर तिरंगा' अभियान और आगामी चुनाव की तैयारियों पर बनी रणनीति

**विधायक गोपाल खंडेलवाल बोले संगठन को मजबूत कर हर घर तक पहुंचाना है तिरंगा, वार्ड स्तर पर टीमें गठित करने के निर्देश**

स्मार्ट हलचल



**मांडलगढ़ ।** भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक स्थानीय डाक बंगले में जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं 'तिरंगा यात्रा' को लेकर बिंदुवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

**आगामी चुनावों की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: विधायक खंडेलवाल**
बैठक को संबोधित करते हुए मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की वास्तविक ताकत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। साथ ही 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

**'प्रत्येक वार्ड में टोली बनाकर अभियान को दें गति'**
बैठक में मंडल पालक अभिश्रुता सोलंकी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पार्टी के आगामी अभियानों को धरातल पर सफल बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड में टोलियां (टीमें) बनाई जाएं। उन्होंने वार्ड स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से काम कर 'हर घर तिरंगा' अभियान को गति देने के निर्देश दिए।

**बैठक में ये पदाधिकारी रहे मौजूद**
बैठक के दौरान मंडल महामंत्री मुकेश व्यास, नीलकमल पटवा, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम सोलंकी, मनोज आंचलिया, मुकेश सोनी, योगेश चंदनानी, सीता देवी धोबी, राजभगत सिंह, भवानीशंकर माली, सतीश खंडेलवाल, महावीर लढा, नंद लाल छिपा, अनुराग पराशर सहित मंडल के विभिन्न पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## रेगर समाज छात्रावास विकास समिति की बैठक में शिक्षा, संगठन और सामाजिक विकास पर मंथन

पुस्तकालय निर्माण, सम्मान समारोह और पौधारोपण के प्रस्ताव पर बनी सहमति

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा@(किशन वैष्णव )** रेगर समाज छात्रावास विकास समिति शाहपुरा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को छात्रावास भवन में वीरमलाल डडवाडिया की अध्यक्षता एवं छात्रावास अध्यक्ष रतनलाल मुंडेतिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में छात्रावास के विकास, शिक्षा, सामाजिक संगठन, राजनीतिक जागरूकता तथा आगामी सम्मान समारोह सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष हंसराज जाबरोलिया ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। सुखदेव रेगर सांगरिया ने छात्रावास की आय बढ़ाने के सुझाव दिए, जबकि उपाध्यक्ष मेवालाल जगरवाल ने दानदाताओं से घोषित राशि का संग्रहण करने तथा ?5100 या उससे अधिक सहयोग देने वाले भामाशाहों के नाम शिलालेख पर अंकित कराने का प्रस्ताव रखा। मोहनलाल रेगर ने नगर निकाय एवं पंचायत राज चुनावों में समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। सहसचिव चंद्रप्रकाश इंदौरिया ने युवाओं की सामाजिक सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। गढ़ गवली शाखा अध्यक्ष रणजीत निंदरिया एवं पूर्व पार्षद देवीलाल रेगर ने समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। शिक्षाविद कैलाश इंदौरिया, गोपाललाल झरोटिया एवं रतनलाल आरटिया ने छात्रावास में पुस्तकालय स्थापित करने का सुझाव दिया। रामरतन रेगर ने समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने की बात कही। छात्रावास सचिव कमलेश मुंडेतिया ने समाज के भामाशाहों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों, नव नियुक्त राजकीय सेवकों एवं जनप्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में छात्रावास की व्यवस्थाओं, पेयजल, प्रकाश एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने तथा समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष वीरमलाल डडवाडिया ने आगामी सम्मान समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक के बाद पौधारोपण किया गया। विद्यार्थी एवं पर्यावरण संगठन सेहो के सहयोग से रामेश्वरलाल जारोटिया के नेतृत्व में छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैठक में माधुलाल रेगर, रामरतन रेगर, कैलाशचंद्र रेगर, मोहनलाल रेगर, चंद्रप्रकाश रेगर, आनंद रेगर, मनोज रेगर, देवीलाल रेगर, लक्ष्मण रेगर सहित विभिन्न गांवों के समाजजन उपस्थित रहे।

---

## पीएम मोदी का नशामुक्ति मंत्र गूंजा, भीलवाड़ा के युवा बोले विकसित भारत का लेंगे संकल्प




**'नशामुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान का लाइव प्रसारण, जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता राज्य स्तर पर दिखाएंगे दम**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** माय भारत केंद्र एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में विद्या प्रोफेशनल एंड टेक्निकल कॉलेज में रविवार को 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का आयोजन हुआ। युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को देखा और नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने इसे 100 सप्ताह का राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया तथा नशा मुक्ति पोस्टर का विमोचन किया। जिला युवा अधिकारी रचना शर्मा ने माय भारत पोर्टल और अभियान की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में खुशी शर्मा (भाषण), आयुषी व्यास (कविता), राहुल बैरवा (रील/शॉर्ट फिल्म), लक्ष्मी एंड ग्रुप (नुक्कड़ नाटक), अश्लेषा अग्रवाल (पेंटिंग), नित्या मल्होत्रा (स्लोगन), राजकुमार खटीक (संगीत) और विद्या एंड ग्रुप (नृत्य) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सचिव रमेश मुंदड़ा, उप निदेशक राम अवतार जाट, डॉ. अशोक चौधरी, गीता चौधरी, डॉ. जसवंत सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। अंत में सभी को नशामुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलाई गई।

---

### कागजों में सफाई, जमीन पर गंदगी,मिलीभगत का चल रहा खेल

# आदेश सख्त,सिस्टम ढीला,सफाई बनी कमाई का जरिया...

**टेंडर लाखों के होने के बावजूद गांवों में कचरा,कौन खा गया सफाई का पैसा....?**

स्मार्ट हलचल



**रिपोर्टर सुरज वर्मा** फूलियाकलां उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में इन दिनों सफाई के नाम पर जो हो रहा है, वो किसी से छुपा नहीं है। कागजों में करोड़ों रुपए के टेंडर पास हो रहे हैं,लाखों-करोड़ों रुपए खर्च भी दिखाए जा रहे हैं,लेकिन अगर कोई गांवों में जाकर देख ले,तो सच्चाई साफ नजर आ जाती है जगह-जगह कचरे के ढेर, सड़कों पर भरा गंदा पानी और सफाई व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब हर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए के टेंडर दिए गए हैं, तो फिर ये पैसा आखिर जा कहां रहा है? टेंडर की शर्तों में साफ है कि रोजाना सफाई होगी,कचरा उठाया जाएगा, गीला-सूखा कचरा अलग किया जाएगा और कचरा उठाने के लिए वाहन भी लगेगा। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि महीने में एक-दो दिन मजदूर लगाकर सिर्फ दिखावे की सफाई कर दी जाती है, ताकि फोटो खिंच जाए और कागज पूरे हो जाएं। बाकी दिनों में गांव गंदगी में ही पड़े रहते हैं। पंचायती राज मंत्री की और से कई बार साफ कहा गया है कि जहां लापरवाही मिलेगी, वहां संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी, सस्पेंड तक किया जाएगा। लेकिन इन आदेशों का असर फूलियाकलां कस्बे में कहीं दिखाई नहीं देता। उल्टा यहां तो मिलीभगत का खेल खुलकर चल रहा है। जिन फर्मों को टेंडर दिया गया है, वो काम कम और कागजी खानापूर्ति ज्यादा कर रही हैं। और सबसे बड़ी बात ग्राम पंचायतों की ओर से भी इनको पूरा सहयोग मिल रहा है। बिना काम के ही भुगतान कर दिया जाता है। इस पूरे मामले में पंचायत समिति के जिम्मेदार अधिकारी की जिम्मेदारी सबसे अहम होती है। नियम के अनुसार जितना काम होगा, उतनी ही एमबी भरी जाएगी और उसी हिसाब से भुगतान होगा। लेकिन यहां आरोप ये है कि एमबी भी फर्जी तरीके से भरी जा रही है। यानी काम जमीन पर नहीं, सीधे कागजों में हो रहा है। ग्रामीण लालाराम रावण, खुशाल सिंह, रमेश, मुकेश, अजुर्न सिंह, राकेश, बुद्धि प्रकाश ने बताया कि कहीं बार उपखंड अधिकारी व जिला प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद भी पिछले दो वित्तीय वर्षों में लाखों रुपए का भुगतान हो चुका है, लेकिन गांवों की हालत जस की तस है। साफ दिखाई देता है कि जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से जनता के पैसों का खुला खेल हो रहा है। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि पूरा मामला 'कमीशन सेटिंग' पर चल रहा है जिसके हिसाब से पेमेंट तय होता है। सबसे दुखद बात ये है कि जिस योजना का मकसद गांवों को साफ-सुथरा बनाना था, उसी को पलीता लगाया जा रहा है। सवाल ये है कि आखिर जिम्मेदार लोग कब तक आंखें मूंदे बैठेंगे और कब तक जनता के पैसे से कुछ लोगों की जेबें भरती रहेंगी। अगर यही हाल रहा, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगा और जमीन पर गंदगी ही असली सच्चाई बनी रहेगी।

---

## मुकेश सांखला बने रावणा राजपूत समाज के युवा तहसील अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** रावणा राजपूत समाज बिजौलियां तहसील की कार्यकारिणी की बैठक राजेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंदाकिनी महादेव मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश सिंह सांखला को युवा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया । साथ ही तहसील कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया । बैठक में शेर सिंह चौहान, बजरंग सिंह सांखला, धर्म सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह सांखला,माधव सिंह तंवर, ललित सिंह शक्तावत,अजय सिंह तंवर, राहुल सिंह हाड़ा, घनश्याम सिंह कानावत, नरेंद्र सिंह तंवर एवं अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## एमडीएस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर कुलगुरु को सौंपा ज्ञापन; रिवेल्यूशन और फीस कम करने की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खोईवाल के नेतृत्व में कुलगुरु के नाम ज्ञापन प्राचार्य बी.एल. जागेटिया को सौंपा गया। छात्रनेता विजेश कुमार चन्देल ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय के नियमित एवं स्वयंपाठी (प्राइवेट) छात्र-छात्राओं को आ रही व्यावहारिक व शैक्षणिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कुलगुरु से छात्रहित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की गई।

**ज्ञापन में मुख्य मांगे**

(1) प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन (रिवेल्यूशन) की व्यवस्था तुरंत प्रारंभ की जाए तथा इसका वर्तमान शुल्क पूर्व शुल्क के समान ही रखा जाए
(2) बढ़े हुए सेमेस्टर परीक्षा शुल्क को कम कर इसे वार्षिक परीक्षा शुल्क के समान निर्धारित किया जाए
(3) सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन और परिणाम समय पर घोषित किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों का सत्र और भविष्य प्रभावित न हो आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान ज्ञापन देने वालों में लोकेश बसीठा छात्रसंघ सचिव, नवरत्न बैरवा एनएसयूआई प्रदेश महासचिव (छात्रसंघ अध्यक्ष गंगापुर कॉलेज), सहाड़ा विधानसभा अध्यक्ष नितेश कुमार सुवालका, अर्जुन खटीक, सतीश खटीक, दीपक मेघवंशी, दिलकुश, राजू धोबी, अंकित, राहुल, दिनेश, लोकेश, आर्यन आदि छात्र छात्राए मौजूद रहे।

## साली की हत्या में शामिल जीजा ओर उसके साथी को मिला रिमांड, दो महिला आरोपियों को भेजा जेल



स्मार्ट हलचल

**बनेडा** - थाना सर्किल के आमली गांव में शुक्रवार को सायं एक किशोरी की खुन शनी लाश मिलने पर मामला हत्या का होने पर जिला मुख्यालय से फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जहां पर टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए । साथ ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए। हत्या के मामले में मृतका के जीजा और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार करते हुए मामलें का पटाक्षेप किया था। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां दोनों महिलाओं को जेल भेज दिया गया और हत्या के मुख्य आरोपी जीजा और उसके सहयोगी दिनेश को पुलिस रिमांड पर भेज दिया । थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि सर्किल के आमली गांव में अपने ममेरी बहन के पास रह कर मजदुरी कर रही किशोरी की 30 जुलाई की रात्रि को जीजा किशन नाथ पुत्र बाबू उर्फ पप्पू नाथ ने दुनाली बंदुक से दो बार फायर कर के किशोरी की हत्या कर दी धी। इस मामले में सहयोग करने वाली ममेरी बहन मीना नाध पत्नी किशन नाथ दिनेश नाथ पुत्र बाबू उर्फ पप्पू नाथ तथा मीना नाथ पत्नी दिनेश नाथ कालबैलिया आदि ने मामले को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया था। मगर पुलिस की कड़ी पुछताछ के बाद आरोपी जीजा ने अपना जुर्म कबुल कर लिया था।

## आज पहले सोमवार के लिए तैयार कानपुर, कांवड़ यात्रा के साथ शिव मंदिरों में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम

स्मार्ट हलचल

**सुनील बाजपेई कानपुर।** आज पहले सोमवार से बाबा भोलेनाथ को समर्पित सावन का महीना शुरू हो चुका है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन नेकावड़ यात्रा और मंदिरों के लिए भी सुरक्षा कड़े इंतजाम किये हैं। भगवान शिव की पूजा के लिए बेहद खास माना जाने वाला सावन के इस महीने का पहला सोमवार आज 03 अगस्त को और 10 अगस्त दूसरा सोमवार, 17 अगस्त को तीसरा और 24 अगस्त को चौथा अंतिम सोमवार पड़ेगा। इन सभी दिनों में शिव मंदिरों में विशेष पूजा और जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। इस पूरे महीने में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान जनपद के सभी शिवालयों में खासतौर से सावन के सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने और विधि-विधान से शिव पूजा करने से भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है। अविवाहित लोगों को मनचाहा जीवनसाथी मिलने और विवाहित लोगों के दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान की गई पूजा, जप, तप और व्रत का कई गुना फल मिलता है। खासतौर पर सोमवार के दिन शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर भगवान शिव की पूजा की जाती है। माना जाता है कि ऐसा करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। भोले भंडारी को सावन का महीना प्रिय होने के पीछे एक कथा है, दरअसल सावन के महीने ही मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था जिससे भगवान शिव प्रसन्न होकर मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के महीने में शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। पूरे सावन महीने के दौरान हर दिन शिवजी की पूजा-उपासना करने पर सभी तरह की मनोकामना जल्दी पूरी होती हैं। सावन के महीने में सोमवार व्रत, मासिक शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है।

# मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बजरी माफिया का 'काला साम्राज्य'!

## बनास नदी में कथित अवैध खनन का खेल, रोजाना कई दर्जन जेसीबी-एलएनटी मशीनें और सैकड़ों ट्रक-ट्रेलर दौड़ने का आरोप

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** विधानसभा क्षेत्र में बनास नदी और उसके आसपास के इलाकों में कथित अवैध बजरी खनन को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मालीखेड़ा, बिलिया, बिगोद, नीलकी खेड़ी और बदलियास सहित बनास नदी से जुड़े कई क्षेत्रों में बजरी का बड़े पैमाने पर कथित अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नदी क्षेत्र में प्रतिदिन कई दर्जन जेसीबी और एलएनटी मशीनें खनन में लगी रहती हैं, जबकि बजरी परिवहन के लिए सैकड़ों ट्रक और ट्रेलर लगातार सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी मशीनों के जरिए नदी क्षेत्र में लगातार खुदाई होने से बनास नदी का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन गतिविधियों के कारण नदी के




पर्यावरण और आसपास के जलस्रोतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

**कई गांवों से होकर गुजर रहे भारी वाहन**

स्थानीय लोगों के अनुसार बजरी से भरे भारी वाहन दिन-रात क्षेत्र की सड़कों से गुजर रहे हैं। मालीखेड़ा से बिलिया, बिगोद, नीलकी खेड़ी और बदलियास सहित आसपास के ग्रामीण मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़कें क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार भारी वाहनों के दबाव के कारण कई सड़कें टूट चुकी हैं और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क पर उड़ती धूल के कारण राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर तेज गति से दौड़ते भारी वाहनों के कारण हादसे का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की आवाजाही वाले मार्गों का निरीक्षण कर सड़क की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जाए।

**दिन-रात चलने का आरोप, निगरानी पर सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि नदी क्षेत्र में कथित खनन गतिविधियां लंबे समय से जारी हैं। कई स्थानों पर मशीनों के जरिए बजरी निकालने और फिर ट्रक-ट्रेलरों से परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने खनन विभाग और प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि नदी क्षेत्र में नियमों के विपरीत खनन हो रहा है तो संबंधित विभागों को मौके पर पहुंचकर जांच करनी चाहिए। वहीं यदि खनन और बजरी परिवहन वैध है तो इसकी अनुमति, खनन क्षेत्र और निर्धारित मात्रा की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि किसी तरह का भ्रम न रहे।

**बनास नदी के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि बनास नदी क्षेत्र केवल बजरी का स्रोत नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के पर्यावरण और जल व्यवस्था का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। नदी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मशीनों से खुदाई होने से भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। ग्रामीणों ने नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने के लिए वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कराने और नियमों के विपरीत खनन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

**ड्रोन से सर्वे और मशीनें जब्त करने की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से मालीखेड़ा, बिलिया, बिगोद, नीलकी खेड़ी और बदलियास सहित पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे कराया जाए और यह पता लगाया जाए कि कहां-कहां खनन गतिविधियां चल रही हैं। इसके अलावा खनन में इस्तेमाल होने वाली मशीनों और बजरी परिवहन में लगे वाहनों की भी जांच की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि अवैध खनन या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही भारी वाहनों से क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग की गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बनास नदी से जुड़े इन इलाकों में कथित रूप से इतनी बड़ी संख्या में जेसीबी-एलएनटी मशीनें और बजरी परिवहन करने वाले भारी वाहन किसकी अनुमति से संचालित हो रहे हैं? ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाए और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

# 17 वर्षीय बालक भीलवाड़ा फुटबॉल टिम घोषित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राजस्थान फुटबाल संघ एवं जिला फुटबाल संघ नागौर के तत्वाधान में होने जा रही राज्य स्तरीय 17 वर्षीय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 से होने जा रहा हे जिसमें जिले की टीम भी भाग लेगी 1 तारीख को टीम घोषणा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद रेखा पूरी विशिष्ट अतिथि विशिष्ट विश्नोई ओर अध्यक्ष लादू लाल तेली ने टीम की घोषणा की टीम में यश माली नील सोनी काव्यम दाधिच देवम जैन समरजीत वैदिक छाबड़ा अहसान मंसूरी उत्कर्ष भांभी देवराज बेरवा शौर्य प्रताप अरविन्द सुमित दक्ष जोशी प्रणव खोईवाल रोहित लक्षित हरपाल सिंह को शामिल किया गया संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि टीम का चयन शंकर जीनगर द्वारा किया गया इस टीम में जिले के प्रत्येक खेल मैदान एवं साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से भी खिलाड़ियों को तरासा गया पूर्व में भी भीलवाड़ा 20 वर्ष बालक में तीसरे पायदान पर रही ओर अच्छा प्रदर्शन किया इन खिलाड़ियों को भी उसी जोस जुनून ओर नई रणनीति के साथ खेलने के लिय प्रेरित किया टिम घोषणा में सभी कोच एवं संघ के पदाधिकारी खिलाड़ी मौजूद रहे

## ब्यावर में आज 4 घंटे बंद रहेगी बिजली: मसूदा रोड फीडर पर रखरखाव कार्य के चलते सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक पावर कट

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ङ्कङ्कहरु) द्वारा सोमवार को शहर के मसूदा रोड क्षेत्र में आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते 33/11 केवी सबस्टेशन गद्दीथोरियां से निकलने वाले 11 केवी मसूदा रोड फीडर की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी। सहायक अभियंता (पवस-द्वद्व) ने बताया कि रखरखाव कार्य के कारण शिव कॉलोनी, नायरा पेट्रोल पंप क्षेत्र, मयूर बेकरी, इंदिरा कॉलोनी, बाकोलिया कॉलोनी, दाधीच कॉलोनी, हीरा नगर, आर्य कॉलोनी, पटेल नगर तथा मसूदा रोड व आसपास के क्षेत्रों में 4 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत निगम ने प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपने आवश्यक कार्य समय से पूर्व निपटाने की अपील की है।

# बोरिंग गाड़ी पर काम करने वाला व्यक्ति लापता, गांव के लिए निकला लेकिन लौटा नहीं, परिजन परेशान ग्रामीण पहुंचे थाने

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा** उपखण्ड सर्किल के कंकोलिया ग्राम पंचायत के लसाडिया गांव के एक व्यक्ति बोरिंग गाड़ी पर काम करता था। 31 जुलाई को अपने गांव के लिए रवाना हुआ था। मगर अब तक उसके गांव नहीं पहुचने से परिवार लोग परेशान हैं,। इसी मामले में को लेकर के बड़ संख्या में लोग थाने पहुंचे तथा थाना प्रभारी को अपनी पीड़ा सुनाई। लसाडिया गांव में रहने वाला नारायण पिता अमरचंद गुर्जर (55) झुंझुनु जिले के चिडावा में एक बोरिंग कपंनी पर काम करता था। जो कि शुक्रवार 31 जुलाई को अपने गांव



आने के लिए चिडावा से 7.40 बजे रवाना हुआ था। मगर गांव नहीं पहुचने से परिवार वाले काफी परेशान हैं। साथ ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ होने से परिवार वाले काफी चिंतित हैं। वहीं थाना पुलिस नारायण के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकलवाई गई। जो उसकी अतिम लोकेशन एच 7 सी स्कीम जयपुर में बताई गई है। साथ 1 अगस्त को प्रात 10.45 स 11.15 बजे तक फोन चालू रहा। मगर इस दौरान परिवार वालो के फोन पर भी बात नहीं हो सकीं। इस दौरान फोन से ट्रांजेक्शन भी होने की बात सामने आई है। इसके बाद से ही फोन भी लगातार बंद आ रहा है। थाना प्रभारी से मुलाकात के दौरान पुर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल चरण सिसोदिया. पुर्व सरपच सुरेश शर्मा गोपाल गुर्जर हेमराज गुर्जर महादेव गाडरी विनोद व्यास सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

वही नारायण की तलाश में कुछ लोग जयपुर भी गए हैं। वही थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि यह मामला थाना क्षेत्र का नहीं है।

# ग्रामीणों और विद्यार्थियों के संघर्ष की जीत, महुआ विद्यालय में मिले तीन नए अध्यापक

## लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालय में नियुक्ति आदेश जारी, विद्यार्थियों में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआ में लंबे समय से बनी हुई शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों द्वारा किए गए संघर्ष का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। शिक्षा विभाग ने विद्यालय में तीन नए अध्यापकों की नियुक्ति कर दी है, जिससे विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। विद्यालय में लंबे समय से स्टाफ की कमी के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने एकजुट होकर शिक्षा विभाग एवं



प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखी थी। इसके बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए विद्यालय में तीन नए अध्यापकों के पदस्थापन के आदेश जारी किए।नियुक्ति की सूचना मिलते ही विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि इससे विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था मजबूत होगी और विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं युवाओं ने कहा कि शिक्षा समाज में परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब समाज अपने अधिकारों और बेहतर शिक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठाता है तो सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलते हैं। ग्रामीणों ने इस मुहिम में सहयोग करने वाले रणवीर सिंह शतावत (पूर्व उपसरपंच), लोकेश सोनी, कैलाश शर्मा, कैलाश धाकड़, भीम आर्मी मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक सहित सभी ग्रामवासियों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं संघर्षशील विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा मिली है।

# तीन बार गुहार, फिर भी PWD बेखबर: सड़कों पर 'मौत की झाड़ियां', हादसे का इंतजार...?

## ग्रामीण सेवा व फॉलोअप शिविरों में 27 जून, 3 जुलाई और 27 जुलाई को दिए ज्ञापन भी बेअसर; पूर्व सरपंच बोले-शिकायतों पर कार्रवाई नहीं तो शिविरों का क्या औचित्य

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक खजुरी।** क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों पर सड़क तक फैल चुके कांटेदार अंग्रेजी बबूल अब राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। कई स्थानों पर झाड़ियां इतनी फैल चुकी हैं कि सामने से आने वाला वाहन समय रहते दिखाई नहीं देता। इसके बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) की ओर से इन्हें हटाने की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

**तीन तारीखें, तीन शिकायतें... कार्रवाई शून्य**

पूर्व सरपंच राकेश खटीक के अनुसार समस्या को लेकर ग्रामीणों ने 27 जून, 3



जुलाई और 27 जुलाई को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एवं फॉलोअप शिविरों में लिखित शिकायतें और ज्ञापन देकर अंग्रेजी बबूल व झाड़ियों को हटाने की मांग की। इसके बावजूद अब तक धरातल पर कार्रवाई नजर नहीं आई। ज्ञापनों में खेरूना-मेवासा, टिटोडा-अडीमल जी का खेड़ा, शक्करगढ़-बरोदा, बाकरा-शक्करगढ़ और बाकरा-हर्षलो की झुपड़िया मार्ग सहित विभिन्न सड़कों पर फैली झाड़ियों को हटाने की मांग की गई थी।

**संकरी होती सड़क, सामने से वाहन आया तो बढ़ता है खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर उगे कांटेदार बबूल कई जगह सड़क की सीमा तक आ गए हैं। ऐसे में दो वाहन आमने-सामने आने पर चालकों को किनारे निकलने तक की पर्याप्त जगह नहीं मिलती। मोड़ पर झाड़ियों के कारण दृश्यता प्रभावित होने से विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

**'शिकायत पर सुनवाई नहीं तो शिविर लगाने का क्या फायदा?'**

पूर्व सरपंच राकेश खटीक ने सवाल उठाया कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जाने वाले शिविरों में बार-बार शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है तो ऐसे शिविरों का उद्देश्य कैसे पूरा होगा? उन्होंने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर संबंधित मार्गों से अंग्रेजी बबूल व झाड़ियां हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को किसी हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेताया कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ और झाड़ियों के कारण कोई गंभीर दुर्घटना होती है तो जिम्मेदारी तय करने की मांग की जाएगी।

# अंगदान में भीलवाड़ा बना राजस्थान का नंबर-1, राज्य स्तरीय सम्मान से होगा गौरवान्वित




डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान में प्रथम स्थान, 5 अगस्त को जयपुर में जिला प्रशासन होगा सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान में शानदार प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा ने पूरे राजस्थान में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर 5 अगस्त को एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय भारतीय अंगदान दिवस समारोह में जिला प्रशासन को सम्मानित किया जाएगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा, एमजी हॉस्पिटल के पीएमओ और चिकित्सा विभाग की टीम के संयुक्त प्रयासों से जिले ने यह उपलब्धि हासिल की। कलेक्टर ने इसका श्रेय स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों और जागरूक नागरिकों को देते हुए कहा कि 'अंगदान महादान है, जो कई जरूरतमंदों को नया जीवन देता है।'

# नगर पालिका चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा, बूथ और शक्ति केंद्र मजबूत करने पर जोर




स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर भाजपा मंडल जहाजपुर की मासिक बैठक विधायक गोपीचंद मीणा के आतिथ्य एवं मंडल पालक विशाल गुरुजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी नगर पालिका चुनावों की तैयारियों के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले समरसता संकल्प अभियान एवं रथ यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही छात्रावास संपर्क अभियान सहित पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श किया गया।

**बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान**

आगामी नगर पालिका चुनावों को देखते हुए बैठक में बूथ संरचना और शक्ति केंद्रों को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक, संयोजक भेरूलाल टांक, नगर उपाध्यक्ष प्रमेन्द्र सुवालका, शंकर नागोरी, महामंत्री कमल गौड़, परमेश्वर सुथार, पवन वैष्णव, पार्षद दीपक मीणा, पंकज गारु, अनिल टेपन, लोकेश रेगर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आदिवासी दिवस को लेकर मीणा छात्रावास में किया पोस्टर विमोचन




स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** आदिवासी दिवस को लेकर आज मीणा छात्रावास बिजोलिया में प्रबुद्ध नागरिक को एवं युवाओं द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त की तैयारी हेतु कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा के नेतृत्व में दौसा में यह आदिवासी महोत्सव मनाने की बात कही आदिवासी दिवस को लेकर पोस्टर का भी विमोचन किया गया मीटिंग में रतीराम, प्रकाश, धनराज,अधिवक्ता दीपक, गजराज,शिवराज, राजेश, दिलखुश, दुर्गेश, विवेक, सूरज, लोकेश, जसवंत, दीपक,विशाल आदि उपस्थित रहे

# पीएम ई-बस व गिट्टी से भरे डंपर में टक्कर, बस का कांच टूटा

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** सवाईपुर क्षेत्र के जित्या माफी गांव में एक बार फिर प्रधानमंत्री ई-बस हादसे का शिकार हो गई, जहां गांव से गुजरते समय एक गिट्टी से भरे डंपर की ई-बस से टक्कर हो गई, जिसमें बस का कांच टूट गया । जानकारी के अनुसार बड़लियास से भीलवाड़ा जा रही पीएम ई-बस की जित्या माफी गांव में गिट्टी से भरे डंपर से टक्कर हो गई, टक्कर के बाद बस में मौजूद सवारी में अफरा-तफरी मच गई । डंपर की टक्कर से बस का एक कांच टूट गया, गनीमत रही कि इसमें किसी को चोट नहीं आई । जित्या माफी गांव में कुछ दिनों पूर्व एक बजरी भरे ट्रैक्टर की पीएम ई-बस की टक्कर हुई थी ।



लक्ष्मीनारायण मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला व टीम (TSM) का 'पेड़ लगाओ - जीवन बचाओ अभियान 2026' ज़ारी,

# सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा बनें पर्यावरण संरक्षण मुहिम के साक्षी

## पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य की बनेगी सबसे बड़ी पूँजी- सुमन मीणा

स्मार्ट हलचल

**जमवारामगढ़/ भरत देवड़वाल।** श्री लक्ष्मीनारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट और टीम सुमन मीणा (ज्ञस्रू), जमवारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्ष-वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

**इन स्थानों पर हुआ पौधारोपण**

शनिवार को कार्यक्रम के तहत माता जी की ढाणी (कानड़ियावाला), राजकीय प्राथमिक विद्यालय कानड़ियावाला, मुख्य गाँव ड्योड़ा डूंगर, चार ढाणी-झोल, पितृ प्रेत थान परिसर झोल, बिजली ग्रिड-आरवाड़ी, नाडा की ढाणी-भावपुरा, मुख्य गाँव भावपुरा, मुख्य गाँव मानोता, बड़ा कुआँ की ढाणी-मानोता, मुख्य गाँव बूज, मुख्य गाँव सरजोली, मुख्य गाँव खरकड़ा, श्री गंगा मंदिर खवारानी जी, सीताराम मंदिर खवा रानीजी, बावड़ी, नकटी



घाटी एवं जारुण्डा सहित अनेक गाँवों और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए और निशुल्क पौधों का वितरण किया गया।

**प्रमुख वक्ताओं के विचार**

कार्यक्रम में राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अशोक गुप्ता ने ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहाः 'यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की एक जन-जागरूकता मुहिम है। आज का लगाया हुआ एक छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा।'

**ट्रस्ट संरक्षक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हर सहाय मीणा का संबोधन**

डॉ हरसहाय मीना ने कहाद्व 'यदि हर परिवार हर वर्ष मानसून के मौसम में केवल दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो हमारा क्षेत्र और पूरा राजस्थान हरियाली से भर सकता है।'द्व

अभियान की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा साथी, मातृशक्ति ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा

ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा जनप्रतिनिधि जमवारामगढ़ ने युवाओं और महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहाः

'इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत हमारे युवा साथी, मातृशक्ति और टीम के समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो अपने व्यक्तिगत कार्यों से समय निकालकर निस्वार्थ भाव से पर्यावरण सेवा में जुटे हुए हैं। बदलाव सरकारों से नहीं, समाज की भागीदारी से आता है।'

**उन्होंने सभी से 5 संकल्प लेने का आह्वान किया:**

1. एक पौधा अवश्य लगाएँ
2. लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल करें
3. अपने बच्चों को प्रकृति से जोड़ें
4. जल, जंगल और जमीन की रक्षा को अपना कर्तव्य समझें
5. हर जन्मदिन, वर्षगाँठ और शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएँ

सुमन मीणा ने कहा, 'पेड़ लगाना आसान है, लेकिन उसे वृक्ष बनाना ही सच्ची सेवा है। आज की हमारी छोटी-सी मेहनत ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी बनेगी।'

**जनसहभागिता**

अभियान के दौरान सैकड़ों वरिष्ठजन, किसान, महिलाएं, बच्चे और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामुहिक संकल्प लिया आइए, हम सभी मिलकर हर गाँव को हरा-भरा, स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाएँ।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को राहुल भटनागर ने भेंट की 'अरण्यम' पुस्तक



स्मार्ट हलचल

**उदयपुर** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर दौरे के दौरान कालका माता नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ वन्यजीव विशेषज्ञ, सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) एवं National Tiger Conservation Authority के सदस्य राहुल भटनागर ने अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'अरण्यम' भेंट की। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुस्तक का अवलोकन करते हुए सराहना की तथा कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभवों का दस्तावेजीकरण विभाग और नई पीढ़ी के अधिकारियों के लिए प्रेरणादायी एवं उपयोगी है। इस अवसर पर भटनागर ने मुख्यमंत्री को पुस्तक की विषयवस्तु से अवगत कराते हुए बताया कि अरण्यम में उनके वन विभाग के कार्यकाल के दौरान वन एवं वन्यजीव संरक्षण, संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण, विभिन्न नवाचारों, उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा विशिष्ट गतिविधियों का सचित्र विवरण संकलित किया गया है। कार्यक्रम में ग्रीन पीपल सोसाइटी द्वारा एक विशेष स्टॉल भी लगाया गया, जहां सोसाइटी की पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा जनभागीदारी आधारित अभियानों की जानकारी मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को दी गई। ग्रीन पीपल सोसाइटी के सचिव डॉ. सतीश शर्मा ने सोसाइटी की गतिविधियों और अपनी विभिन्न पुस्तकों के साथ सोसाइटी द्वारा पिपलांत्री में संचालित राजस्थान की प्रथम के कार्बन क्रेडिट परियोजना के बारे में बताया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, वन मंत्री श्री संजय शर्मा,विधायक श्रीचंद कृपलानी, ग्रीन पीपल सोसाइटी के सचिव डॉ. सतीश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# बाइक एवं स्कूटी प्रेमियों के लिए नई सौगात, निम्बाहेड़ा में 'मोटोब्रीडर' का भव्य शुभारंभ

## जेन्युइन ऑटो पार्ट्स, प्रीमियम एक्सेसरीज़, मॉडिफिकेशन एवं रैपिंग की आधुनिक सुविधाएं अब एक ही छत के नीचे

स्मार्ट हलचल

**निम्बाहेड़ा (ज़ाकिर हुसैन)** निम्बाहेड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिले के टू-व्हीलर प्रेमियों के लिए शनिवार का दिन नई सौगात लेकर आया। शहर के श्री राजेंद्रसूरी ज्ञान मंदिर के पीछे, एमआई शोरूम के समीप अत्याधुनिक टू-व्हीलर एक्सेसरीज़ एवं मॉडिफिकेशन शोरूम 'मोटोब्रीडर' का शुभारंभ पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अच्छू खान कॉन्ट्रैक्टर, समाजसेवी मोहम्मद आबिद खान कॉन्ट्रैक्टर एवं श्रीमती शबनम खान द्वारा फीता काटकर किया गया। इस



अवसर पर हाजी एजाज़ अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव नुसरत खान, पत्रकार ज़ाकिर हुसैन, जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान,कवि वाज़िद अली वाज़िद, समीउल्लाह खान, मकबूल खान, रफीक खान, अजीज खान, राशिद खान, जैद रहमान, जावेद अली भाटी, शाहिद खान, शाहनवाज खान, मोइन मुल्तानी, मोहसिन छीपा, सरवर अंसारी तबरेज़ खान,ताबिश खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में बाइक प्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रतिष्ठान के प्रारंभ होने से अब क्षेत्रवासियों को प्रीमियम गुणवत्ता की बाइक एवं स्कूटी एक्सेसरीज़ तथा मॉडिफिकेशन के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। शोरूम संचालक आदिल खान ने बताया कि संस्थान में सभी प्रमुख कंपनियों के जेन्युइन ऑटो पार्ट्स, प्रीमियम एक्सेसरीज़, प्रोफेशनल मॉडिफिकेशन, रैपिंग, कस्टमाइजेशन एवं अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने 'मोटोब्रीडर' की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतिष्ठान जिले में टू-व्हीलर एक्सेसरीज़ एवं मॉडिफिकेशन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।

### बबूल की झाड़ियों में लावारिस बाइक से 36 किलो से अधिक डोडा पोस्त जब्त

# दूध के ड्रमों में छिपाकर की जा रही डोडा पोस्त की तस्करी, आनंदपुर कालू पुलिस ने 36.440 किग्रा मादक पदार्थ के साथ बाइक जब्त की

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार स्मार्ट हलचल / ब्यावर (आनंदपुर कालू)** जिला पुलिस अधीक्षक (IPS) रतन सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आनंदपुर कालू थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 36.440 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त और तस्करी में प्रयुक्त एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी (वृत्त जैतारण) रामेंद्र सिंह हाड़ा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी गणपतराम (उपनिरीक्षक) मय टीम द्वारा यह प्रभावी कार्रवाई की गई।

**झाड़ियों में लावारिस हालत में मिली मोटरसाइकिल**

मिली जानकारी के अनुसार, 1 अगस्त को थानाधिकारी आनंदपुर कालू को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि रास से लाम्बिया जाने वाले रास्ते के पास बबूल की झाड़ियों में एक लावारिस एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल खड़ी है। बाइक पर 5 प्लास्टिक के दूध वाले ड्रम बंधे हैं, जिनमें अवैध मादक पदार्थ भरा होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। झाड़ियों में खड़ी बाइक पर बंधे ड्रमों को खोलकर जांच की गई, तो चार प्लास्टिक ड्रमों में भारी मात्रा में डोडा पोस्त भरा मिला। तौल कराने पर इसका कुल वजन 36.440 किलोग्राम पाया गया।

**अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार, मामला दर्ज**

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने आसपास की झाड़ियों में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अज्ञात आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने डोडा पोस्त व वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 8/15 NDPS Act के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्रवाई करने वाली पुलिस टीमः**

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी गणपतराम (उपनिरीक्षक), कांस्टेबल शैतानराम (502), प्रकाश (477), पप्पूराम (451), राकेश (322), महेंद्र (423) तथा पुलिस थाना रास के कांस्टेबल करतार सिंह (401), सुशील (519) एवं संजय (513) की विशेष भूमिका रही।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ पुलिस थाना भवानीमण्डी की प्रभावी कार्यवाही

## दो आरोपी 8 किलो 908 ग्राम अवैध डोडा चूरा सहित गिरफ्तार ट्रक जप्त

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 8 किलो 908 ग्राम अवैध डोडा चूरा सहित गिरफ्तार किया तथा उन परिवहन करते हुए ट्रक भी जप्त किया जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अधिक से अधिक प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर अपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमण्डी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगण के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन एक ट्रक व 08 किलो 908 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जप्त करने



में सफलता प्राप्त की है।

**घटना विवरणः-** कल शनिवार को रेवतिराम उ.नि. पुलिस थाना भवानीमण्डी मय जाप्ता द्वारा अवैध कार्यों की चेकिंग व रोकथाम हेतु दरेनास नाकाबंदी बिरला कॉलेज के सामने झालावाड़ रोड भवानीमण्डी से 02 व्यक्तियों को वाहन ट्रक सहित डिटेन किया जाकर डिटेनशुदा वाहनों 01. जसवन्त सिंह 02. बलविन्द्र सिंह के कब्जे के वाहन ट्रक अशोक लीलैंड की तलाशी लेने पर उक्त वाहन के केबिन से 08 किलो 908 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जप्त कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक व आरोपीगण जसवन्त सिंह व बलविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया।

**कार्यवाही पुलिसः-** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं सत्यनारायण गोदारा वृताधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में थाना हाजा पर विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा कल दिनांक 1 अगस्त 2026 दरेनास नाकाबंदी बिरला कॉलेज के सामने झालावाड़ रोड भवानीमण्डी से 02 व्यक्तियों को वाहन ट्रक सहित डिटेन किये जाकर डिटेनशुदा व्यक्ति 01. जसवन्त सिंह पुत्र श्री गुरचरन सिंह जाति सिख उम्र 51 साल निवासी बरास पुलिस थाना बडाली आला सिंह जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) 02. बलविन्द्र सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह जाति लुबाना उम्र 59 साल निवासी बरास पुलिस थाना बडाली आला सिंह जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब) के कब्जे के वाहन ट्रक अशोक लीलैंड की तलाशी लेने पर उक्त वाहन केबिन से 08 किलो 908 अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जप्त कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक व आरोपीगण जसवन्त सिंह व बलविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

**आरोपीगण द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा कहा से लाया व किसको देने जा रहा के बारे में अनुसंधान जारी है।**

**नाम पता गिरफ्तार शुदाः-**

01. जसवन्त सिंह पुत्र श्री गुरचरन सिंह जाति सिख उम्र 51 साल निवासी बरास पुलिस थाना बडाली आला सिंह जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब)

02. बलविन्द्र सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह जाति लुबाना उम्र 59 साल निवासी बरास पुलिस थाना बडाली आला सिंह जिला फतेहगढ़ साहिब (पंजाब)

**पुलिस थाना भवानीमण्डी टीम विवरणः-**

प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी
रेवतिराम उ.नि. पुलिस थाना भवानीमण्डी
निजामुद्दीन स.उ.नि. पुलिस थाना भवानीमण्डी
कुंवरपाल स.उ.नि. पुलिस थाना भवानीमण्डी
विरेन्द्र सिंह स.उ.नि. पुलिस थाना भवानीमण्डी
नवल किशोर हेडकानि. 955 पुलिस थाना भवानीमण्डी
महेश कुमार कानि. 1380 पुलिस थाना भवानीमण्डी (आसूचना अधिकारी)
हरिराम सैनी कानि. 1258 पुलिस थाना भवानीमण्डी
दिनेश कुमार चालक 469 पुलिस थाना भवानी मंडी

## हरिद्वार में कांवड़ खंडित होने पर विवाद, कार चालक को पीटा

हरिद्वार (एजेंसी)। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात करीब 8:30 बजे हाईवे फ्लाईओवर के पास गोल्डन ढाबा के निकट कांवड़ खंडित होने के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया था और बाद में पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हरिद्वार से दिल्ली जा रही एक ऑल्टो कार की टक्कर रास्ते में एक कांवड़िए की कांवड़ से हो गई। कार चालक भी कांवड़ यात्रा से लौट रहा था और अपने साथ गंगाजल लेकर दिल्ली जा रहा था। टक्कर के कारण कांवड़ खंडित हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ कांवड़ियों ने कार चालक के साथ मारपीट की, उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और वाहन में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद पुलिस ने गंगनहर निवासी राजा उर्फ राजेश को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कांवड़ यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं से शांति, संयम और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का पर्व है, इसलिए सभी श्रद्धालु आपसी सौहार्द बनाए रखें। यदि कोई व्यक्ति कानून–व्यवस्था भंग करने या हिंसा फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से शुरू हुई है और सावन शिवरात्रि के अवसर पर 11 अगस्त तक जारी रहेगी। यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है।

## दिल्ली के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में महसूस हुए भूकंप के झटके

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार सुबह 4:14 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.9 दर्ज की गई। इसका केंद्र दिल्ली के नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में जमीन से 8 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता होने के कारण भूकंप से किसी प्रकार के जान–माल के नुकसान या किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हालांकि तड़के आए झटकों से कई लोग कुछ देर के लिए घरों से बाहर निकल आए। विशेषज्ञों का कहना है कि कम गहराई पर आने वाले भूकंप के झटके सतह पर अपेक्षाकृत अधिक महसूस होते हैं, लेकिन यदि तीव्रता कम हो तो नुकसान की संभावना भी काफी कम रहती है। दिल्ली और आसपास का क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है और यहां समय–समय पर हल्के भूकंप दर्ज होते रहते हैं।

## झारखंड में साइबर ठगों का नया तरीका : लूडो ऐप और वापसी के झांसे से 12.9 लाख की ठगी

रांची(एजेंसी)। झारखंड, विशेषकर रांची में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिसमें अपराधी नए–नए पैंतरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ताजा घटनाओं में, रांची में दो व्यक्तियों से कुल 12 लाख 90 हजार रुपये से अधिक की साइबर ठगी की गई है। इसमें एक मामला लूडो ऐप डाउनलोड कराने और फिर राशि वापस दिलाने के नाम पर हुए फर्जीवाड़े का है, जबकि दूसरा अवैध निकासी का। साइबर थाना में हुंडरु निवासी 23 वर्षीय सुभाष कुमार ने 9 लाख 81 हजार रुपये की ठगी का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के अनुसार, दिसंबर 2025 में एक अज्ञात व्यक्ति ने सुभाष को लूडो ऐप का एपीके लिंक भेजकर पैसे जीतने का लालच दिया और ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद 18 से 29 दिसंबर 2025 के बीच उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते से 66 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। फरवरी से जून 2026 के बीच, ठगों ने राशि वापस दिलाने के नाम पर एक और ऐप डाउनलोड कराया और उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से करीब 9.15 लाख रुपये अन्य खातों में भेजवा लिए। कुल 9.81 लाख रुपये गंवाने के बाद, सुभाष ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर पोर्टल पर पांच शिकायतें दर्ज कराईं और अब पुलिस से राशि वापसी व कार्रवाई की मांग की है। वहीं टाटीसिलवे निवासी अखिलेश पांडे ने भी साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बैंक खाते से 3 लाख 9 हजार रुपये की अवैध निकासी हुई है, जिसका पता उन्हें 1 जून को बैंक बैलेंस चेक करते समय चला। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और यह पता लगा रही है कि ठगी की गई राशि कहां गई और इसमें कितने लोग शामिल हैं।

## न्याय प्रदर्शन में गोपनीयता भंग : दुष्कर्म पीड़िता की पहचान सार्वजनिक होने पर कानूनी सवाल

गोरखपुर(एजेंसी)। एक सिपाही की हैवानियत का शिकार बनी बिटिया को न्याय दिलाने के लिए आल इंडिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हालांकि, संवेदना व्यक्त करने और न्याय की मांग के इस भावनात्मक माहौल में, संगठन से दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की पहचान सार्वजनिक करने की भूल हो गई, जो ऐसे मामलों में स्पष्ट कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन है। एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा कि यह सब गुस्से और भावुकता के माहौल में अनजाने में हुआ। यह लापरवाही केवल सड़क पर प्रदर्शन तक सीमित नहीं रही, बल्कि इंटरनेट मीडिया पर भी इसका व्यापक दर्शन हुआ। कई यूट्यूबरों ने घटना स्थल से रिपोर्ट करते हुए बिटिया की तस्वीर फ्लैश की, वहीं अन्य कंटेंट क्रिएटरों ने भी रोष में होश खोकर बालिका की तस्वीरें और पहचान साझा कर दीं। एडवोकेट कृष्णानंद तिवारी ने ऐसी लापरवाही को कानूनी दिक्कत का कारण बताया। वहीं, गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. मनीष पांडेय ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त की। उनके अनुसार, भावुकता में लोग प्राय: नियम और नैतिकता को भूल जाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी मुद्दे पर संवेदनशीलता एवं भावुकता होने के साथ–साथ समझदारी और व्यक्तिगत निजता का सम्मान भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि सामूहिक हित में काम करते हुए भी किसी की गरिमा को ठेस न पहुंचे।

## केरल और कर्नाटक में लैंडस्लाइड से 9 लोगों की मौत, 6 लापता

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है। केरलम में भारी बारिश से लैंडस्लाइड और बाढ़ से 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लापता बताए जा रहे हैं। सरकार ने 65 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 1465 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल, निकाय एवं पंचायत चुनाव में जनता देगी करारा जवाब : सुरेंद्रसिंह जाड़ावत

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को श्रीनाथ वाटिका में आयोजित हुई। बैठक पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा प्रभारी श्री नरेंद्र सिंह गुड्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अन्य अतिथियों में जिला कांग्रेस से नियुक्त प्रभारी उत्सव भानावत एवं दिनेश अहीर थे। बैठक का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के निर्देशानुसार शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की भजनलाल सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, किसान, युवा, व्यापारी और आमजन सभी भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन जनता को केवल महंगाई, बेरोजगारी और निराशा मिली। जाड़ावत ने कहा कि राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर प्रदेश की जनता को राहत देने का काम किया। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, महंगाई राहत कैंप, 100 यूनिट तक निःशुल्क बिजली, महिलाओं को राहत देने वाली योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, ओपीएस, इंदिरा रसोई, शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा किसानों और गरीब परिवारों के हित में अनेक फैसलों ने प्रदेश की जनता का जीवन आसान बनाया। आज भी जनता उन योजनाओं को याद कर रही है, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार लगातार जनहित की योजनाओं को कमजोर करने में लगी हुई है, पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि आज का जेन-ज़ेड (Gen ) युवा भाजपा के खोखले वादों और प्रचार की राजनीति को समझ चुका है। रोजगार, शिक्षा, पारदर्शिता और बेहतर भविष्य की तलाश में युवा अब कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा नफरत और भ्रम की राजनीति नहीं, बल्कि अवसर, विकास और जवाबदेही की राजनीति चाहता है। यही कारण है कि राहुल गांधी के नेतृत्व और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति युवाओं का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। आगामी नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव में युवा शक्ति कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत बनेगी और भाजपा को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए, जिनका लाभ आज भी आमजन को मिल रहा है। कांग्रेस इन्हीं विकास कार्यों और जनहितकारी नीतियों के दम पर नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ेगी। जाड़ावत ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। दोपहर 12 बजे शुरू हुई बैठक शाम 5 बजे तक लगातार चली कार्यकर्ता अंतिम समय तक बैठे रहे जिस पर बाहर से आए पर्यवेक्षकों ने सराहते हुए कहा कि ऐसी बैठक तो जिला कांग्रेस की नहीं हुई जो चित्तौड़गढ़ विधानसभा की हुई है। अपेक्षा से कहीं अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने से बार-बार अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था करनी पड़ी। यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश, एकजुटता और चुनाव जीतने के संकल्प का प्रमाण है। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मजबूती, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान, चुनावी रणनीति, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तथा आगामी नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। अंत में पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि पौने तीन वर्ष में भाजपा की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है। जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। निकाय एवं पंचायत चुनाव भाजपा की जनविरोधी नीतियों का जवाब होंगे और कांग्रेस भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व उप सभापति कैलाश पंवार, पूर्व प्रधान पुष्पा जाट, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा, युवा नेता कानसिंह भाटी मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह भाटी, बालमुकुंद मालीवाल, दिनेश सोनी, अर्जुन रायका, महावीर सिंह डेलवास, राजदीप सिंह राणावत, पूर्व पीसीसी सदस्य रामलाल जाट, गोविंद शर्मा, प्रमोद सिंह तंवर, संगठन महामंत्री महेश काकानी, संगठन महामंत्री लादुलाल धाकड़, वरिष्ठ नेता रफीक खान, कार्यक्रम में नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया जिसमें पर्यावरण प्रकोष्ठ कमल गुर्जर, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गेहरूगिरी गोस्वामी, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू, एससी विभाग कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामेश्वर बैरवा, आर जी पी आर एस जिला अध्यक्ष युवराज श्रीमाली, जिला उपाध्यक्ष गोरीलाल गुर्जर, महामंत्री गोविंद चौधरी, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला सचिव दिनेश भोई, जिला सचिव महेंद्र मीणा, एवं क्षत्रीय महासभा में जिला महामंत्री मोनू बन्ना एवं जीनगर समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता नवरतन जीनगर का स्वागत अभिनन्दन किया गया कार्यक्रम को शहर महिला अध्यक्ष रेणु कंवर राठौड़, ग्रामीण महिला अध्यक्ष गायत्री चौधरी, राजेश सोनी, शंभुलाल प्रजापत, मनोहर लाल जाट चिकसी, यूसुफ भैया, प्रकाश खटीक, कालूलाल ओडुंद, राजकुमार बैरागी, दीपक सिंह राठौड़, शंभुलाल शर्मा, कुसुमलता मीणा ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंडावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2 किलो 654 ग्राम डोडा व 203 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार




स्मार्ट हलचल

**नीरज मीणा दौसा/मंडावर,** जिले के मंडावर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 654 ग्राम डोडा चूरा तथा 203 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, विशेष अभियान के तहत थाना क्षेत्र में लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रामफूल सैनी निवासी गढ़ी हिम्मतसिंह को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुए, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद मादक पदार्थों में 203 ग्राम गांजा और 2 किलो 654 ग्राम डोडा चूरा शामिल है। पुलिस ने दोनों पदार्थों को नियमानुसार जब्त कर लिया है तथा आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, तस्करी और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इस कार्रवाई को नशे के विरुद्ध पुलिस की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके और युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ने लोकसभा अध्यक्ष से लगाई गुहार, रक्त आपूर्ति बाधित नहीं करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। शहर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में निजी ब्लड बैंकों से 50 प्रतिशत रक्त सरकारी ब्लड बैंक को उपलब्ध कराने संबंधी राज्य सरकार के प्रावधान पर पुनर्विचार की मांग की गई। थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील जैन एवं कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के सचिव राजकुमार जैन ने बताया कि कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी पिछले 29 वर्षों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को निशुल्क रक्त उपलब्ध करा रही है। उनका कहना था कि यदि 50 प्रतिशत रक्त सरकारी ब्लड बैंक को देना अनिवार्य हुआ तो जरूरतमंद बच्चों के लिए नियमित रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाई आ सकती है, जिससे उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सोसाइटी के सचिव विजय मित्तल ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली आयरन चिलेशन दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग रखी, ताकि उनके उपचार को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि अगले दो वर्षों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक समर्पित थैलेसीमिया वार्ड विकसित कराने का प्रयास किया जाएगा। प्रस्तावित वार्ड में रक्त चढ़ाने, आयरन चिलेशन दवाओं की उपलब्धता तथा आवश्यक जांचों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का लक्ष्य रहेगा। इस दौरान अमरजीत अरोड़ा, सुनीता पंजवानी, समता मित्तल, निसार अहमद, अभिषेक दयानी सहित बड़ी संख्या में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।



जयपुर में सुबह-सुबह बारिश

## ब्यावर के जैतारण में 6 इंच बरसात, जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 4 डिग्री तक गिरा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** जयपुर के कई इलाकों में सोमवार सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। रविवार को पाली, अजमेर, जोधपुर, बाड़मेर सहित पश्चिम के कई हिस्सों में अच्छी बरसात हुई थी। सबसे ज्यादा बरसात ब्यावर के जैतारण में 146MM (5.50 इंच से ज्यादा) दर्ज हुई। तेज बारिश से जैतारण, ब्यावर, अजमेर के आसपास कई क्षेत्रों में पानी भर गया। उधर, अगले एक सप्ताह (आज से) मानसून के कमजोर रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून ट्रफ लाइन रविवार को उत्तर की तरफ शिफ्ट हो गई। इससे अब जोधपुर, उदयपुर, कोटा संभाग के जिलों में बारिश में कमी होगी। हालांकि 3 से 5 अगस्त के दौरान बीकानेर संभाग, शेखावाटी क्षेत्र, जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां चलेंगी। रविवार (2 अगस्त) पाली के रोहट में 67, रायपुर में 54, भीलवाड़ा के डाबला में 42, बिजौलिया में 36, कछौला में 26, बूंदी के इंद्रगढ़ में 17, तालेड़ा में 11 और बूंदी शहर में 20 मिमी बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा अजमेर में 27, सरवर में 35, जवाजा में 38, जोधपुर के कुड़ी भगतासनी में 49, लूणी में 30, बापिनी में 28, राजसमंद के खमनोर में 45, टोंक के देवली, टोडारायसिंह में 14-14 मिमी, नागौर के देह में 26, जैसलमेर के देवीकोट में 12, पोकरण, रामगढ़ में 10-10, चित्तौड़गढ़ के राशमी में 30, गंगरार में 14, डूंगरपुर के आसपुर में 11 MM बरसात हुई। वहीं उदयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, कोटा, दौसा, बीकानेर, बारां जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।

### बारिश से पारा 4 डिग्री तक गिरा

पश्चिमी जिलों में बारिश होने के साथ ही तापमान में गिरावट हुई। जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर के एरिया में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 34.1, जोधपुर में 32.5, बीकानेर में 36.2, चूरू में 37.6, श्रीगंगानगर में 38.9, हनुमानगढ़ में 35.2, सीकर, अलवर में 34 और दौसा में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर छोटी सादड़ी की कार्यकारिणी घोषित

## उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर संगठन को मिली नई मजबूती, कांग्रेस की रीति-नीति जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**छोटीसादड़ी (ज़ाकिर हुसैन)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा तथा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार,प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी यादव एवं चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष गिरधरलाल जाट की सहमति से राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर छोटी सादड़ी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवनियुक्त कार्यकारिणी से अपेक्षा व्यक्त की गई कि सभी पदाधिकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कांग्रेस की जनहितकारी विचारधारा एवं रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। घोषित कार्यकारिणी में हेमन्त डूंगरवाल को अध्यक्ष, रविराव सावंत को संगठन महामंत्री, महावीर जैन को कोषाध्यक्ष तथा राजकुमार टेलर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर विकास नागौरी, मनोज शर्मा, यशवंत शर्मा, राकेश जगदाले, देवेन्द्र उपाध्याय, पारस बण्डी, संजय नागौरी, प्रदीप आमेटा, ओमप्रकाश माली एवं पवन हाड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर शीतल नलवाया, राजमल तेली, जितेन्द्रराव मराठा, जितेन्द्र गोदावत, गजेन्द्र खींची, अनिल शर्मा, सुनील खींची एवं सुनीलराव मराठा को मनोनीत किया गया इसी प्रकार सचिव पद पर राजकुमार लसौड़, विनोद माली, चिन्दू यादव, ललित सेन एवं पीयूष मोची को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमित चौरड़िया, करूण माली, सांवरा तेली, दिनेश माली, नितिन लसौड़, विजेन्द्र बलसोरा एवं वैभव मंगरोरा को शामिल किया गया है। वहीं पंकज सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर, संगठन मजबूती पर मंथन

**सावर में कांग्रेस की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा, घर-घर पहुंचाएंगे पार्टी की रीति-नीति और पूर्ववर्ती सरकार के विकास कार्य**

स्मार्ट हलचल



**रिपोर्टर सुरज वर्मा** सावर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी राजीव शुक्ला ने सावर नगर पालिका में नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल माली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महासचिव विश्वजीत सिंह, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया तथा पूर्व सरपंच रतनलाल कहार मौजूद रहे। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी चुनाव में कांग्रेस का बोर्ड गठित करने को लेकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विचार-विमर्श किया।

**घर-घर पहुंचाएंगे कांग्रेस की नीतियां**

वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति, विचारधारा और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं से आमजन के बीच जाकर संवाद स्थापित करने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही वर्तमान भाजपा सरकार की कथित विफलताओं को भी जनता के सामने प्रमुखता से रखने पर जोर दिया गया। विधानसभा प्रभारी राजीव शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को गंभीरता से लेते हुए एकजुट होकर संगठन के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस आगामी चुनाव में मजबूती से मैदान में उतरेगी। कार्यक्रम में सूरज करण मलावत, पोखर राम कांसोटिया, कालूराम रेगर, जयपाल सिंह गुर्जर, श्रीनिवास माली, लालाराम गुर्जर, अमरपाल गुर्जर, रतन काका माली, मांगीलाल धोबी, जगन्नाथ खटीक, गोपाल साहू, सुरेश कुमार जांगिड़, अकबर अली बागबान, चंद्रप्रकाश मोची, नरेंद्र कुमार रेगर, मनजीत कुमार सेन, चांदमल खटीक, सत्यनारायण कोली, मुकेश शर्मा, मुकेश प्रजापत, महेश जैन, प्रधान योगी, अशोक कुमार मीणा, विनोद पवार, घनश्याम पवार, रामविलास मीणा, असलम मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सिंह दीदावत ने किया।

## कोटा सिटी राउंड टेबल-358 की नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान, 18 सदस्य कमेटी ने संभाला पदभार



**कॉलर एक्सचेंज के साथ नई टीम ने संभाला दायित्व, सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगी पहली हवाई उड़ान,**

स्मार्ट हलचल

कोटा। शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा को नई दिशा देने के संकल्प के साथ कोटा सिटी राउंड टेबल-358 की वार्षिक आम सभा एवं नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में कॉलर एक्सचेंज की परंपरा के साथ नई टीम ने दायित्व ग्रहण किए तथा आगामी वर्ष के लिए कई महत्वाकांक्षी सामाजिक प्रकल्पों की घोषणा की।

कार्यक्रम की शुरुआत निवर्तमान चेयरमैन उत्सव बाबेल द्वारा वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से हुई। इसके बाद एरिया ऑब्जर्वर टेबलर करण पांड्या की उपस्थिति में कॉलर एक्सचेंज के साथ रोहित जैन ने चेयरमैन, रमन भाटिया ने सचिव, नमन बंसल ने वाइस चेयरमैन तथा अर्शिन जिंदल ने कोषाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। लव कुमार अग्रवाल को वर्ष 2026-27 के लिए संस्था का मेंटर नियुक्त किया गया। इनके अलावा 14 अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न दायित्व संभाले। कुल 18 पदाधिकारियों ने शपथ लेकर नई कार्यकारिणी का गठन किया। नवनियुक्त चेयरमैन रोहित जैन ने बताया कि संस्था इस वर्ष जरूरतमंद विद्यालयों में नए कक्षा-कक्षों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। पर्यावरण संरक्षण के तहत एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इसके अलावा स्टेशनरी वितरण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर तथा विभिन्न जनसेवा गतिविधियां पूरे वर्ष संचालित की जाएंगी। सचिव रमन भाटिया ने बताया कि साथ ही, इस वर्ष पहली बार 'फ्लाइट ऑफ फैंटेसी' पहल की शुरुआत की जा रही है। इस अभिनव पहल के तहत सरकारी विद्यालयों के 15 मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पहली बार हवाई यात्रा का अनूठा अनुभव कराया जाएगा।

# 10 माह से फरार NDPS एक्ट का टॉप 10 आरोपी अर्जुन जोधपुर से गिरफ्तार

4स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर/बर।** जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। बर थाना पुलिस ने बीते 10 महीनों से फरार चल रहे एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के वांछित और थाने के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल आरोपी अर्जुन प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया है।

### आईजी और एसपी के निर्देशों पर हुई कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई अजमेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक (हुल) डॉ. रवि सभरवाल एवं ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (IPS) के निर्देशों के तहत अंजाम दी गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा, जयपुर) द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधी धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और रायपुर वृत्ताधिकारी बंशीलाल पाण्डर (RPS) के निकटतम सुपरविजन में टीम का गठन किया गया था।

**45 किलो डोडा पोस्त और कार जब्ती का है मामला**

घटना 2 नवंबर 2025 की है। बर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट कार (RJ 19 CF 7148) को रुकवाने का प्रयास किया था। पुलिस को देखकर कार सवारों ने वाहन भगाने की कोशिश की, जो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। मौके से पुलिस ने दो तस्करों–अशोक विश्नोई (तिलवासनी, बिलाड़ा) और लक्ष्मण मेघवाल (झालामंड, जोधपुर)–को 45.400 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

**माल मंगवाने वाला और गाड़ी का मालिक था आरोपी**

मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जब गहनता से अनुसंधान किया गया, तो सामने आया कि जब्त कार का मालिक और अवैध डोडा पोस्त मंगवाने वाला मुख्य सरगना अर्जुन पुत्र रमेश कुमार प्रजापत (निवासी झालामंड, कुड़ी भगतासनी, जोधपुर) है। घटना के बाद से ही आरोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था।

**साइबर व तकनीकी इनपुट से दबोचा**

थानाधिकारी पन्नालाल (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी डेटा विश्लेषण और सूचना तंत्र का सहारा लेते हुए आरोपी के सटीक ठिकाने का पता लगाया। पुख्ता जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर 22 वर्षीय आरोपी अर्जुन को धर दबोचा।

पुलिस टीम में शामिल सदस्यः
पन्नालाल (थानाधिकारी, बर)
सुनील (कांस्टेबल 608)

# जवाजा के रावतमाल में देवनारायण मंदिर पर गिरी बिजली, जनहानि टली; राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/जवाजा।** पंचायत समिति क्षेत्र के रावतमाल गांव में रविवार सुबह मौसम के अचानक मिजाज बदलने से एक बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 9:30 बजे तेज गर्जना और कड़क के साथ गांव के आस्था केंद्र श्री देवनारायण मंदिर पर आकाशीय बिजली आ गिरी। धमाका इतना प्रचंड था कि पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और कुछ क्षणों के लिए चारों तरफ अंधेरा सा छा गया। लोग दहशत में आकर अपने घरों से बाहर निकल आए।

**मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त, मोर की मौत**

बिजली गिरने से मंदिर के ऊपरी हिस्से का पक्का गुंबद बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और मंदिर के अन्य हिस्सों में गहरी दरारें आ गईं। इस भीषण घटना के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद राष्ट्रीय पक्षी मोर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, धमाके के असर से आसपास के कुछ मकानों को भी नुकसान पहुंचा है।

**'कुलदेवता ने सह लिया संकट '**

स्थानीय निवासी प्रकाश सिंह ने बताया कि गांव के इतिहास में पहली बार ऐसा भयावह दृश्य देखने को मिला है। हालांकि, इतने बड़े धमाके के बावजूद गांव में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई और एक बड़ी जनहानि होने से टल गई।

गांव के लोगों की श्री देवनारायण भगवान में गहरी निष्ठा है। ग्रामीणों का कहना है कि भगवान ने पूरे क्षेत्र पर आई इस प्राकृतिक आपदा को स्वयं अपने ऊपर झेल लिया, जिससे सभी ग्रामीण सुरक्षित बच गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और सुरक्षित रहने पर भगवान का आभार व्यक्त किया।



**प्रशासनिक सर्वे और मरम्मत की मांग**

हादसे के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन राष्ट्रीय पक्षी की मौत और मंदिर तथा घरों को हुए नुकसान पर दुख भी जताया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मौके का तुरंत प्रशासनिक सर्वे कराया जाए और क्षतिग्रस्त देवनारायण मंदिर की मरम्मत के लिए उचित सहयोग दिया जाए।

# आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव की रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल




**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों कि रणनीतिक बैठक ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी कि संयुक्त रुप से आयोजित कि गई। ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी कि एक संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी नेमी गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व ब्लाक अध्यक्ष रोड सिंह परमार के नेतृत्व में आयोजित कि गई। बैठक में सर्वप्रथम ब्लाक अध्यक्ष ने ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं से अपने अपने सुझाव मांगे एवं नगर पालिका क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव दिए। कार्यकर्ताओं से खचाखच भरे कार्यालय में काफी तादाद मे ग्रामीण पंचायतों के वार्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष कई पूर्व जनप्रतिनिधि एवं शहर के वार्डों के पूर्व पार्षद, वार्ड अध्यक्षों ने बैठक में भाग लिया। बैठक को पार्टी के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से आने वाले चुनाव पूरी ताकत और ईमानदारी से लड़ना है। टिकट उसी कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा जिसने संगठन में लगातार पांच वर्षों तक कार्य किया है, नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड के स्थानीय कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पहले वह अपने आप का अवलोकन करें और स्वार्थ सिद्धि छोड़कर संगठन के प्रति ईमानदारी से कार्य करें। विधानसभा प्रभारी नेमी गुर्जर ने भी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह पहले संगठन के लिए मजबूती से खड़ा रहें प्रत्याशी कि ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर उस का चयन किया जाएगा।

**और जो भी सुझाव आए हैं वो आला कमान तक पहुंचाएं जाएंगे।**

बैठक को विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें सभी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर आने वाले सभी चुनाव पूरी ताकत से लड़ना है। बैठक पूर्व विधायक मदनलाल वर्मा, स्नेहलता आर्य व कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित किया। बैठक का संचालन संगठन मंत्री कालु लाल सालेचा ने किया अन्त में नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने विचार रखते हुए नगर पालिका चुनावों में सक्रिय कार्यकर्ताओ को टिकट देने की मांग रखी। बैठक में उपस्थित प्रदेश सचिव चंद्र सिंह राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्दीक गौरी, राजेश करावन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकेश गुप्ता,मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह गुर्जर, कैलाश कंवर, संजय जैन, प्रताप सिंह चौहान,राम चंद्र वर्मा,जन अभाव प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मदन सिंह राठौड़, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनिल मीणा, ब्लाक महासचिव कृपाल सिंह कोटड़ा, वरिष्ठ नेता एडवोकेट श्याम सिंह चौहान, पूर्व सरपंच हरीश रोझा, लक्ष्मण सिंह पंवार, पूर्व जिला परिषद सुदिप सालेचा,ब्लाक उपाध्यक्ष चैन सिंह सिसौदिया, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मोहम्मद सलीम खान, हेमंत बैरवा जिला अध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ,रमेश लाल एस सी ब्लॉक अध्यक्ष, गोपाल सिंह चंद्र पूरा, नेपाल सिंह, प्रताप सिंह पंचायत अध्यक्ष,शंकर सिंह, नारायण सिंह सरोद, सचिव कालु सिंह, नारायण सिंह लौर ब्लाक अध्यक्ष ओ बी सी,राम सिंह,मतीउलला पंचायत अध्यक्ष, अमर लाल, उमराव सिंह सरपंच,पूर्व पार्षद हरीश राठौर, वरुण मीणा, वीणा मेहरा, राजिक अंसारी, राकेश मकवाना,राम बैरवा, राजेश कुमार,हखिम खान, ललित कुमावत, नगर प्रवक्ता मान सिंह जुझारू,कालु लाल पिपल्या,शितल जैन,रईस मंसूरी, ईश्वर सिंह गुराडिया जोगा, राहुल मेहरा, दशरथ खारोल,दोलत सिंह, गोविंद सिंह खोलकी,मदन सिंह मिडिया प्रभारी,गुमान सिंह मिडिया प्रभारी,शिव लाल, इसराइल मोहम्मद,चेन सिंह आकया, राहुल गुर्जर मंडल अध्यक्ष,चेन राम धाकड़, नारायण सिंह,सुरेश सिंह सरकनिया, विक्रम सिंह अध्यक्ष, आंनद पाटीदार, विनोद जैन, राजेश पटेल पंचायत अध्यक्ष, कुलदीप सिंह पंचायत अध्यक्ष, मेहरबान सिंह मंडल अध्यक्ष, प्रदेश सचिव करुणा देवी,जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ नीता खत्री रानी शर्मा महिला नगर अध्यक्ष, अनिता प्रजापति, कैलाश बाई, कृष्णा बाई,विजय नाहर नगर सचिव, डाक्टर विकास पाण्डेय चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष आनंद काला,प्रबल जैन प्रदेश सचिव यंग ब्रिगेड, भैरू लाल मीणा पंचायत अध्यक्ष, डाक्टर अहफाज अहमद कुरैशी, कृपाल सिंह पंचायत अध्यक्ष गुढ़ा, नेपाल सिंह राजगढ़, पप्पू सिंह गुढ़ा,शिव सिंह, कुशाल सोलंकी जिला सचिव एस सी, नरेंद्र सिंह अध्यक्ष,बबलु सिंह,कमल सिंह गुराडिया माना,मोहन मेघवाल,घांसी लाल छतरपुरा,परदिप सिंह,धीरप सिंह गुराडी,गोलु, विक्की बैरवा,अजमल खान,फरीद उद्दीन,शेख हासिम,शेख सद्दाम, पीरु लाल मेघवाल,कूलदीप खोखर, कैलाश भारती,सोजी बंजारा,फरीद अहमद चौधरी, कैलाश जैन बनी चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष,धीरप सिंह अध्यक्ष,करण सिंह अध्यक्ष,राजू लाल मेहर पूरा अध्यक्ष, आदि उपस्थित रहे

## भारतीय खेल प्राधिकरण एवं सहयोग पब्लिक स्कूल द्वारा 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन, नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल




**गौरव पारीक** जयपुर भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), खेल प्रशिक्षण केंद्र (STC), जयपुर द्वारा सहयोग पब्लिक स्कूल के सहयोग से दिनांक 02 अगस्त 2026 को विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर में 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, फिटनेस प्रेमियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ एवं नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया।कार्यक्रम का आयोजन 'नशा मुक्त भारत अभियान' की थीम पर किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें खेल एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र से हुई, जिसके पश्चात नृत्य, फिटनेस ड्रिल, मनोरंजक खेल तथा विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लगभग 4 से 5 किलोमीटर की साइकिल रैली रही, जिसमें प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर सामूहिक रूप से साइकिल चलाकर फिट इंडिया, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्त भारत का संदेश आमजन तक पहुँचाया। इस रैली ने लोगों को नियमित साइकिलिंग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने 'नशा मुक्त भारत' की शपथ ली तथा स्वयं नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 'नशा मुक्त भारत' ऑनलाइन शपथ पंजीकरण (Online Pledge Registration) का लिंक भी सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया। सभी को ऑनलाइन पंजीकरण कर भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ने तथा राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें नियमित व्यायाम, सामुदायिक सहभागिता एवं नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता को बढ़ावा दिया गया। विद्यालय के बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बना दिया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने सहयोग पब्लिक स्कूल, सभी प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी कर्मचारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता एवं फिटनेस आधारित आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ, फिट एवं नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# नारायणपुर टटवाड़ा रेलवे ओवर ब्रिज शुरू, एलसी-172 स्थायी रूप से बंद

**नरोली डांग, तलावड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों को फाटक के इंतजार से तत्काल राहत; दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर परिचालन होगा और अधिक सुरक्षित**

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सवाई माधोपुर-गंगापुर सिटी रेलखंड पर नारायणपुर-टटवाड़ा स्टेशन यार्ड स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 172 के स्थान पर लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही एलसी-172 को सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। अब इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों को रेल फाटक पर रुककर प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी तथा वर्षभर सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के निर्देशन में सुरक्षा, संरक्षा और परिचालन दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण किया गया है। यह आधुनिक आरओबी 860 मीटर लंबा है, जिसमें 628 मीटर लंबी एप्रोच रोड तथा 7.5 मीटर चौड़ा दो-लेन कैरिजवे बनाया गया है। पुल का निर्माण 7 स्पैन (1म36 मीटर, 5म25 मीटर एवं 1म28 मीटर) पर किया गया है तथा रेल स्तर से इसकी न्यूनतम ऊंचाई 6.8 मीटर रखी गई है, जिससे रेल परिचालन पूरी तरह सुरक्षित एवं निर्बाध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आरओबी देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में शामिल दिल्ली-मुंबई रेलखंड के नारायणपुर-टटवाड़ा सेक्शन पर बनाया गया है। इसके शुरू होने से नारोली डांग गांव, तलावड़ा तथा आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों को जाम एवं लंबी प्रतीक्षा से राहत मिलेगी। इससे यात्रा समय घटेगा, ईंधन की बचत होगी तथा स्थानीय आवागमन पहले की तुलना में अधिक तेज और सुगम होगा। श्री जैन ने बताया कि एलसी-172 के स्थायी रूप से बंद होने से रेल एवं सड़क दुर्घटनाओं की आशंका में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही, फाटक के खुलने और बंद होने से ट्रेनों के परिचालन में आने वाली बाधाएं समाप्त होंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता और परिचालन दक्षता में भी सुधार होगा। फाटक पर कार्यरत कर्मचारियों को अन्य आवश्यक परिचालन कार्यों में पुनर्नियोजित किया जाएगा, जिससे उपलब्ध मानव संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित रेल अवसंरचना और आधुनिक सड़क संपर्क उपलब्ध कराना पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आरओबी न केवल आमजन के आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।




## देवधाम जोधपुरिया के दानपात्र में निकले 14.43 लाख रुपये, लक्खी मेले की तैयारियों की समीक्षा

स्मार्ट हलचल



**निवाई(नरेश कुरेडा)।** उपखंड के प्रसिद्ध भगवान देवनारायण मंदिर, देवधाम जोधपुरिया में मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मंदिर के दानपात्र खोले गए, जिनमें श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित 14 लाख 43 हजार 480 रुपये की नगद राशि प्राप्त हुई। बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने मासिक आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से पूरा विवरण बैठक में पढ़कर सुनाया गया तथा मंदिर परिसर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर एवं महामंत्री रतनदीप गुर्जर ने बताया कि आगामी लक्खी मेला महोत्सव को देखते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माणाधीन तोरण द्वार सहित सभी विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मंदिर परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आगामी मेले की तैयारियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## बिजली विभाग की लापरवाही से 13 वर्षीय किशोर करंट की चपेट में, ग्रामीणों में रोष

स्मार्ट हलचल, अजीम खान चिनायटा



**सूरौठ,** सूरौठ कस्बे के समीप स्थित ग्राम विजयपुरा में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक 13 वर्षीय किशोर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किशोर की पहचान गोलू पुत्र शिवकुमार जाटव निवासी विजयपुरा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता प्रकोष्ठ, राजस्थान प्रदेश सचिव रिंकू खेड़ी हैवत ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विद्युत लाइन के कारण यह हादसा हुआ, उसे हटाने अथवा सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी थी। इसके बावजूद विभाग ने समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप यह गंभीर दुर्घटना सामने आई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आमजन, गरीब एवं मजदूर वर्ग लगातार समस्याओं का सामना कर रहा है। जनहित से जुड़े मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। यदि शिकायतों पर समय रहते ध्यान दिया जाता, तो इस प्रकार की घटना टाली जा सकती थी। रिंकू खेड़ी हैवत ने मांग की कि घायल किशोर के समुचित उपचार की व्यवस्था सरकार द्वारा कराई जाए, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा दिया जाए तथा घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही गांव में विद्युत लाइनों का तत्काल निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही उक्त समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं बिजली विभाग की होगी।

## मीणा छात्रावास मे युवाओं ने किया डॉ संजय मोहन बोरदा का स्वागत सम्मान



स्मार्ट हलचल

**कोटा** सुल्तानपुर हाड़ौती आदिवासी मीणा समाज छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन छात्रावास समिति उपाध्यक्ष राजकुमार कोटसुवां ने किया जिसमें डॉ संजय मोहन बोरदा को सरकार द्वारा पीएचसी गैता को प्रदेश में प्रथम व एक लाख रुपए पुरस्कृत किए जाने पर समाज द्वारा डा संजय जी का माला साफा से स्वागत सम्मान किया समिति संरक्षक रामकुंवार जी जालिमपुरा द्वारा सबको मिठाइयां बांटी गई कार्यक्रम मे समिति अध्यक्ष महावीर जी कालारेवा, वरिष्ठ सदस्य महावीर जी कचोलिया, कोषाध्यक्ष हंसराज जी मीणा ने समाजनिती को मजबूत करने पर जोर दिया डॉ साहब ने बताया कि सभी लोग को समाज सेवा में आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए गरिबों असहाय की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए यही मानव का सबसे बड़ा धर्म है सरपंच निरंजन मीणा, राजेंद्र झाड़गांव, लक्की आमौरा, महेन्द्र हरिपुरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इस दौरान विष्णु मीणा, मनीष कचोलिया,महेश कचोलिया, ब्रजराज मरमट, प्रशांत हरिपुरा,देवीलाल, आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

## ब्यावर के जैतारण में 5.50 इंच से ज्यादा बरसात

### अजमेर-जोधपुर और बाड़मेर में सड़कें बनीं दरिया; ब्यावर में मंदिर पर बिजली गिरी

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** पाली, अजमेर, जोधपुर, बाड़मेर समेत प्रदेश के पश्चिम के कई हिस्सों में रविवार को अच्छी बरसात हुई। ब्यावर के जैतारण में 146रू(5.50 इंच से ज्यादा) बरसात दर्ज हुई। अजमेर और माउंट आबू में सुबह रुक-रुककर बारिश हुई। अजमेर में सड़कों पर पानी भर गया। ब्यावर के रावतमाल गांव में देवनारायण मंदिर पर रविवार सुबह बिजली गिर गई। हादसे में मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया और 1 मोर की मौत हो गई। जोधपुर शहर में शाम करीब 4 बजे तेज बारिश हुई। इस दौरान मथुरा दास माथुर अस्पताल रोड पर पानी भर गया। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाड़मेर शहर और आसपास के गांवों में शाम को तेज बारिश शुरू हुई। उंडखा गांव में सड़कों पर पानी भर गया। खेतसिंह की प्याऊ क्षेत्र में भी जमकर बारिश हुई। जैसलमेर के रामदेवरा में शाम 3:40 मिनट से 3:55 तक 15 मिनट बारिश हुई। इस दौरान शहर के चाचा चौक पर पानी भर गया। जिससे आवागमन बाधित हुआ। कोटा के नवनैरा डैम को खुला गेट रविवार सुबह बंद कर दिया गया। शनिवार को डैम से एक गेट खोलकर 4 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी।

**बाइक सवार दंपती से मारपीट, चेन छीनकर भागे**

## कार सवारों ने टक्कर मारकर गिराया था; अस्पताल में भर्ती

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** भीलवाड़ा के साथलियास गांव में आज सुबह अपने घर से खेत पर जा रहे एक दंपती को कार सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। दंपती के गिरने के बाद युवक कार से उतरकर आए और उसके साथ मारपीट की और उसके गले में पहनी सोने की रामनामी छीन कर भाग गए। घायल युवक को उसकी पत्नी और दूसरे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मामला भीलवाड़ा के गंगापुर थाना क्षेत्र का है यहां साथलियास गांव में रहने वाला राजेश पिता बद्रीलाल जोशी (46) आज सुबह 5:30 बजे अपनी पत्नी के साथ खेत पर गायों का दूध निकालने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से एक इंडिका कर में सवार दो युवकों ने उसे टक्कर मारी, उसके बाद गाड़ी से निकलकर बाहर आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

**सोने का मांदलिया छीन कर भागे**

दोनों बदमाशों ने उसके गले में पहना सोने का मांदलिया छीन लिया और भाग निकले। घटना के बाद घायल पति को उसकी पत्नी और अन्य ग्रामीण गंगापुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।फिलहाल घायल पति की हालत खतरे से बाहर है।

**पुलिस ने अस्पताल पहुंच पीड़ित के बयान लिए**

पीड़ित ने बताया कि आज सुबह में और मेरी पत्नी 5:30 बजे के आसपास खेत पर जा रहे थे इसी दौरान पीछे से दो व्यक्ति कार लेकर आए और मुझे पीछे से टक्कर मार दी।ट क्कर मारने के बाद गाड़ी से उतर कर मुझे मारने लगे ओर मेरी सोने की रामनवमी और मांदलिया लूट कर भाग निकले। सूचना पर गंगापुर थाना पुलिस भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंची और घायल से मामले की जानकारी ली।

**पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर ब्लॉक महुवा व मंडावर कांग्रेस कमेटी की मीटिंग मंडावर में आयोजित**

# पंचायत में निकाय चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने का किया आव्हान

स्मार्ट हलचल




**नीरज मीणा महुवा।** विधानसभा क्षेत्र के कस्बा मंडावर के बस स्टैंड स्थित निखिल पैराडाइज मैरिज होम में रविवार को पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महुवा और मंडावर की संयुक्त मीटिंग कांग्रेस पदाधिकारी की उपस्थिति में हुई। जिसमें आगामी दिनों में होने वाले पंचायत चुनाव निकाय चुनाव को लेकर एक सार्थक चर्चा हुई जिसमें सर्व सहमति के साथ मीटिंग में सबसे पहले प्रस्ताव लिया कि जोव्यक्ति नगर निकाय और पंचायत समिति का चुनाव लड़ेगा वह उसे बूथ का एवं पंचायत और बार्ड का निवासी हो तथा साथ ही टिकट वितरण को लेकर 21 सदस्य कांग्रेस की कमेटी बनाई गई है उस कमेटी के हिसाब से ही टिकट वितरण होगा साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी के पैनल द्वारा जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा साथ ही पूर्व विधायक ओम प्रकाश हुडला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी त्याग तपस्या और बलिदान की पार्टी है कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़े और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक उम्मीदवार को हराकर कांग्रेस को जिताए दोसा सांसद मुरारी लाल मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होता है कांग्रेस पार्टी पैनल द्वारा कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता को ही टिकट दिया जाएगा सांसद मुरारी लाल मीणा ने कहा कि महुवा विधानसभा की सभी पंचायत समितियों में कांग्रेस पार्टी का प्रधान और महुआ मंडावर नगर पालिका में कांग्रेस का ही चेयरमैन बैठाएंगे। इसी दौरान लोकेश मीणा गगवाना ,राकेश प्रजापत मंडावर, अमर सिंह सैनी ढण्ड, जगदीश मीणा,राम अवतार सिंह नरूका सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की इससे पूर्व सभी अथितियो का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मीटिंग में मुरारी लाल मीणा सांसद दौसा, ओमप्रकाश हुडला पूर्व मंत्री,राकेश पारीक जिला प्रभारी ,देशराज पहाड़ियां जिला सहप्रभारी ,सिद्धार्थ व्यास, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओडं, डा ओपी बेरवा बांदीकुई, एडवोकेट घनश्याम अवस्थी,को ऑर्डिनेटर महुवा विधानसभा,ब्लॉक अध्यक्ष महुवा दिनेश पाटोली, मंडावर ब्लॉक अध्यक्ष रामहरि मीना, महुवा नगर अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, मंडावर नगर अध्यक्ष विक्रम सिंह गुर्जर , लाजपत सिंह तंवरअध्यक्ष महुवा एनएसयूआई , श्रीमती गुड्डी देवी खेमराज पंचायत समिति सदस्य, मोहन सिंह जाटव सरपंच, दीक्षांत बागड़ी, देशबंधु मीणा, प्रशांत बागड़ी, रामरतन मीना, राजू लाल एडवोकेट, मोहनलाल गुर्जर सरपंच ,खूबिराम बैरवा रामगढ़, शिवहरि अमरपुर, घनश्याम सैनी, जगदीश भारद्वाज, भरतलाल मीना ढिगारिया, तोताराम गुर्जर, देवीराम सैनी डायरेक्टर,सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भगवान भोलेनाथ शिव के रहस्य

**भगवान शिव अर्थात पार्वती के पति शंकर जिन्हें महादेव, भोलेनाथ, आदिनाथ आदि कहा जाता है, उनके रहस्य यहां प्रस्तुत हैं।**

- **आदिनाथ शिव**
सर्वप्रथम शिव ने ही धरती पर जीवन के प्रचार-प्रसार का प्रयास किया इसलिए उन्हें 'आदिदेव' भी कहा जाता है। 'आदि' का अर्थ प्रारंभ। आदिनाथ होने के कारण उनका एक नाम 'आदिश' भी है।

- **शिव के अस्त्र-शस्त्र**
शिव का धनुष पिनाक, चक्र भवरेंदु और सुदर्शन, अस्त्र पाशुपतास्त्र और शस्त्र त्रिशूल है। उक्त सभी का उन्होंने ही निर्माण किया था।

- **शिव का नाग**
शिव के गले में जो नाग लिपटा रहता है उसका नाम वासुकि है। वासुकि के बड़े भाई का नाम शेषनाग है।

- **शिव की अर्द्धांगिनी**
शिव की पहली पत्नी सती ने ही अगले जन्म में पार्वती के रूप में जन्म लिया और वही उमा, उर्मि, काली कही गई हैं।

- **शिव के पुत्र**
शिव के प्रमुख 6 पुत्र हैं- गणेश, कार्तिकेय, सुकेश, जलंधर, अयप्पा और भूमा। सभी के जन्म की कथा रोचक है।

- **शिव के शिष्य**
शिव के 7 शिष्य हैं जिन्हें प्रारंभिक सप्तऋषि माना गया है। इन ऋषियों ने ही शिव के ज्ञान को संपूर्ण धरती पर प्रचारित किया जिसके चलते भिन्न-भिन्न धर्म और संस्कृतियों की उत्पत्ति हुई। शिव ने ही गुरु और शिष्य परंपरा की शुरुआत की थी। शिव के शिष्य हैं- बृहस्पति, विशालाक्ष, शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज इसके अलावा 8वें गौरशिरस मुनि भी थे।

- **शिव के गण**
शिव के गणों में भैरव, वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, जय और विजय प्रमुख हैं। इसके अलावा, पिशाच, दैत्य और नाग-नागिन, पशुओं को भी शिव का गण माना जाता है। शिवगण नंदी ने ही 'कामशास्त्र' की रचना की थी। 'कामशास्त्र' के आधार पर ही 'कामसूत्र' लिखा गया।

- **शिव पंचायत**
भगवान सूर्य, गणपति, देवी, रुद्र और विष्णु ये शिव पंचायत कहलाते हैं।

- **शिव के द्वारपाल**
नंदी, स्कंद, रिटी, वृषभ, भृंगी, गणेश, उमा-महेश्वर और महाकाल।

- **शिव पार्षद**
जिस तरह जय और विजय विष्णु के पार्षद हैं उसी तरह बाण, रावण, चंड, नंदी, भृंगी आदि शिव के पार्षद हैं।

- **सभी धर्मों का केंद्र शिव**
शिव की वेशभूषा ऐसी है कि प्रत्येक धर्म के लोग उनमें अपने प्रतीक



ढूंढ सकते हैं। मुशरिक, यजीदी, साबिईन, सुबी, इब्राहीमी धर्मों में शिव के होने की छाप स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। शिव के शिष्यों से एक ऐसी परंपरा की शुरुआत हुई, जो आगे चलकर शैव, सिद्ध, नाथ, दिगंबर और सूफी संप्रदाय में विभक्त हो गई।

- **देवता और असुर दोनों के प्रिय शिव**
भगवान शिव को देवों के साथ असुर, दानव, राक्षस, पिशाच, गंधर्व, यक्ष आदि सभी पूजते हैं। वे रावण को भी वरदान देते हैं और राम को भी। उन्होंने भस्मासुर, शुक्राचार्य आदि कई असुरों को वरदान दिया था। शिव, सभी आदिवासी, वनवासी जाति, वर्ण, धर्म और समाज के सर्वोच्च देवता हैं।

- **शिव चिह्न**
वनवासी से लेकर सभी साधारण व्यक्ति जिस चिह्न की पूजा कर सकें, उस पत्थर के ढेले, बटिया को शिव का चिह्न माना जाता है। इसके अलावा रुद्राक्ष और त्रिशूल को भी शिव का चिह्न माना गया है। कुछ लोग डमरू और अर्द्ध चन्द्र को भी शिव का चिह्न मानते हैं, हालांकि ज्यादातर लोग शिवलिंग अर्थात शिव की ज्योति का पूजन करते हैं।

- **शिव की गुफा**
शिव ने भस्मासुर से बचने के लिए एक पहाड़ी में अपने त्रिशूल से एक गुफा बनाई और वे फिर उसी गुफा में छिप गए। वह गुफा जम्मू से 150 किलोमीटर दूर त्रिकूटा की पहाड़ियों पर है। दूसरी ओर भगवान शिव ने जहां पार्वती को अमृत ज्ञान दिया था वह गुफा 'अमरनाथ गुफा' के नाम से प्रसिद्ध है।

- **शिव के अवतार**
वीरभद्र, पिप्पलाद, नंदी, भैरव, महेश, अश्वत्थामा, शरभावतार, गृहपति, दुर्वासा, हनुमान, वृषभ, यतिनाथ, कृष्णदर्शन, अवधूत, भिक्षुवर्य, सुरेश्वर, किरात, सुनटनर्तक, ब्रह्मचारी, यक्ष, वैश्यानाथ, द्विजेश्वर, हंसरूप, द्विज, नतेश्वर आदि हुए हैं। वेदों में रुद्रों का जिक्र है। रुद्र 11 बताए जाते हैं- कपाली, पिंगल, भीम, विरुपाक्ष, विलोहित, शास्ता, अजपाद, आपिर्बुध्य, शंभू, चण्ड तथा भव।




- **शिव का विरोधाभासिक परिवार**
शिवपुत्र कार्तिकेय का वाहन मयूर है, जबकि शिव के गले में वासुकि नाग है। स्वभाव से मयूर और नाग आपस में दुश्मन हैं। इधर गणपति का वाहन चूहा है, जबकि सांप मूषकभक्षी जीव है। पार्वती का वाहन शेर है, लेकिन शिवजी का वाहन तो नंदी बैल है। इस विरोधाभास या वैचारिक भिन्नता के बावजूद परिवार में एकता है।



- **शिव के पैरों के निशान**
**श्रीपद**- श्रीलंका में रतन द्वीप पहाड़ की चोटी पर स्थित श्रीपद नामक मंदिर में शिव के पैरों के निशान हैं। ये पदचिह्न 5 फुट 7 इंच लंबे और 2 फुट 6 इंच चौड़े हैं। इस स्थान को सिवानोलीपदम कहते हैं। कुछ लोग इसे आदम पीक कहते हैं।
**रुद्र पद**- तमिलनाडु के नागपट्टीनम जिले के थिरुवेंगडू क्षेत्र में श्रीस्वेदारण्येश्वर का मंदिर में शिव के पदचिह्न हैं जिसे 'रुद्र पदम' कहा जाता है। इसके अलावा थिरुवन्नामलाई में भी एक स्थान पर शिव के पदचिह्न हैं।
**तेजपुर**- असम के तेजपुर में ब्रह्मपुत्र नदी के पास स्थित रुद्रपद मंदिर में शिव के दाएं पैर का निशान है।
जागेश्वर- उत्तराखंड के अल्मोड़ा से 36 किलोमीटर दूर जागेश्वर मंदिर की पहाड़ी से लगभग साढ़े 4 किलोमीटर दूर जंगल में भीम के मंदिर के पास शिव के पदचिह्न हैं। पांडवों को दर्शन देने से बचने के लिए उन्होंने अपना एक पैर यहां और दूसरा कैलाश में रखा था।
रांची- झारखंड के रांची रेलवे स्टेशन से 7 किलोमीटर की दूरी पर 'रांची हिल' पर शिवजी के पैरों के निशान हैं। इस स्थान को 'पहाड़ी बाबा मंदिर' कहा जाता है।

- **शिव भक्त** : ब्रह्मा, विष्णु और सभी देवी-देवताओं सहित भगवान राम और कृष्ण भी शिव भक्त है। हरिवंश पुराण के अनुसार, कैलास पर्वत पर कृष्ण ने शिव को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की थी। भगवान राम ने रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की थी।
- **.शिव ध्यान** : शिव की भक्ति हेतु शिव का ध्यान-पूजन किया जाता है। शिवलिंग को बिल्वपत्र चढ़ाकर शिवलिंग के समीप मंत्र जाप या ध्यान करने से मोक्ष का मार्ग पुष्ट होता है।
- **शिव मंत्र** : दो ही शिव के मंत्र हैं पहला- ऊं नम : शिवाय। दूसरा महामृत्युंजय मंत्र- ऊं ह्रौं जू स :। ऊं भू : भुव : स्व :। ऊं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात। स्व : भुव : भू : ऊं। स : जू ह्रौं ऊं, है।
- **शिव व्रत और त्योहार** : सोमवार, प्रदोष और श्रावण मास में शिव व्रत रखे जाते हैं। शिवरात्रि और महाशिवरात्रि शिव का प्रमुख पर्व त्योहार है।
- **शिव प्रचारक** : भगवान शंकर की परंपरा को उनके शिष्यों बृहस्पति, विशालाक्ष (शिव), शुक्र, सहस्राक्ष, महेन्द्र, प्राचेतस मनु, भरद्वाज, अगस्त्य मुनि, गौरशिरस मुनि, नंदी, कार्तिकेय, भैरवनाथ आदि ने आगे बढ़ाया। इसके अलावा वीरभद्र, मणिभद्र, चंदिस, नंदी, श्रृंगी, भृगिरिटी, शैल, गोकर्ण, घंटाकर्ण, बाण, रावण, जय और विजय ने भी शैवपंथ का प्रचार किया। इस परंपरा में सबसे बड़ा नाम आदिगुरु भगवान दत्तात्रेय का आता है। दत्तात्रेय के बाद आदि शंकराचार्य, मत्स्येन्द्रनाथ और गुरु गुरुगोरखनाथ का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।



- बौद्ध साहित्य के मर्मज्ञ अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान प्रोफेसर उपासक का मानना है कि शंकर ने ही बुद्ध के रूप में जन्म लिया था। उन्होंने पालि ग्रंथों में वर्णित 27 बुद्धों का उल्लेख करते हुए बताया कि इनमें बुद्ध के 3 नाम अतिप्राचीन हैं- तणंकर, शणंकर और मेघंकर।
- तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत पर उनका निवास है। जहां पर शिव विराजमान हैं उस पर्वत के ठीक नीचे पाताल लोक है जो भगवान विष्णु का स्थान है। शिव के आसन के ऊपर वायुमंडल के पार क्रमश : स्वर्ग लोक और फिर ब्रह्माजी का स्थान है।

- **शिव महिमा**
शिव ने कालकूट नामक विष पिया था जो अमृत मंथन के दौरान निकला था। शिव ने भस्मासुर जैसे कई असुरों को वरदान दिया था। शिव ने कामदेव को भस्म कर दिया था। शिव ने गणेश और राजा दक्ष के सिर को जोड़ दिया था। ब्रह्मा द्वारा छल किए जाने पर शिव ने ब्रह्मा का पांचवां सिर काट दिया था।

- **शैव परम्परा**
दसनामी, शाक्त, सिद्ध, दिगंबर, नाथ, लिंगायत, तमिल शैव, कालमुख शैव, कश्मीरी शैव, वीरशैव, नाग, लकुलीश, पाशुपत, कापालिक, कालदमन और महेश्वर सभी शैव परंपरा से हैं। चंद्रवंशी, सूर्यवंशी, अग्निवंशी और नागवंशी भी शिव की परंपरा से ही माने जाते हैं। भारत की असुर, रक्ष और आदिवासी जाति के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है।

- **शिव के प्रमुख नाम**
शिव के वैसे तो अनेक नाम हैं जिनमें 108 नामों का उल्लेख पुराणों में मिलता है लेकिन यहां प्रचलित नाम जानें- महेश, नीलकंठ, महादेव, महाकाल, शंकर, पशुपतिनाथ, गंगाधर, नटराज, त्रिनेत्र, भोलेनाथ, आदिदेव, आदिनाथ, त्रियंबक, त्रिलोकेश, जटाशंकर, जगदीश, प्रलयंकर, विश्वनाथ, विश्वेश्वर, हर, शिवशंभु, भूतनाथ और रुद्र।

- **अमरनाथ के अमृत वचन**
शिव ने अपनी अर्धांगिनी पार्वती को मोक्ष हेतु अमरनाथ की गुफा में जो ज्ञान दिया उस ज्ञान की आज अनेकानेक शाखाएं हो चली हैं। वह ज्ञानयोग और तंत्र के मूल सूत्रों में शामिल है। 'विज्ञान भैरव तंत्र' एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें भगवान शिव द्वारा पार्वती को बताए गए 112 ध्यान सूत्रों का संकलन है।

- **शिव ग्रंथ**
वेद और उपनिषद सहित विज्ञान भैरव तंत्र, शिव पुराण और शिव संहिता में शिव की संपूर्ण शिक्षा और दीक्षा समाई हुई है। तंत्र के अनेक ग्रंथों में उनकी शिक्षा का विस्तार हुआ है।



- **शिवलिंग**
वायु पुराण के अनुसार प्रलयकाल में समस्त सृष्टि जिसमें लीन हो जाती है और पुन : सृष्टिकाल में जिससे प्रकट होती है, उसे लिंग कहते हैं। इस प्रकार विश्व की संपूर्ण ऊर्जा ही लिंग की प्रतीक है। वस्तुत : यह संपूर्ण सृष्टि बिंदु-नाद स्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। बिंदु अर्थात ऊर्जा और नाद अर्थात ध्वनि। यही दो संपूर्ण ब्रह्मांड का आधार है। इसी कारण प्रतीक स्वरूप शिवलिंग की पूजा-अर्चना है।

- **बारह ज्योतिर्लिंग**
सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, विश्वनाथजी, त्र्यम्बकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर। ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति के संबंध में अनेकों मान्यताएं प्रचलित है। ज्योतिर्लिंग यानी 'व्यापक ब्रह्मात्मलिंग' जिसका अर्थ है 'व्यापक प्रकाश'। जो शिवलिंग के बारह खंड हैं। शिवपुराण के अनुसार ब्रह्म, माया, जीव, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी को ज्योतिर्लिंग या ज्योति पिंड कहा गया है। दूसरी मान्यता अनुसार शिव पुराण के अनुसार प्राचीनकाल में आकाश से ज्योति पिंड पृथ्वी पर गिरे और उनसे थोड़ी देर के लिए प्रकाश फैल गया। इस तरह के अनेकों उल्का पिंड आकाश से धरती पर गिरे थे। भारत में गिरे अनेकों पिंडों में से प्रमुख बारह पिंड को ही ज्योतिर्लिंग में शामिल किया गया।

- **शिव का दर्शन**
शिव के जीवन और दर्शन को जो लोग यथार्थ दृष्टि से देखते हैं वे सही बुद्धि वाले और यथार्थ को पकड़ने वाले शिवभक्त हैं, क्योंकि शिव का दर्शन कहता है कि यथार्थ में जियो, वर्तमान में जियो, अपनी चित्तवृत्तियों से लड़ो मत, उन्हें अजनबी बनकर देखो और कल्पना का भी यथार्थ के लिए उपयोग करो। आइंस्टीन से पूर्व शिव ने ही कहा था कि कल्पना ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

- **शिव और शंकर**
शिव का नाम शंकर के साथ जोड़ा जाता है। लोग कहते हैं- शिव, शंकर, भोलेनाथ। इस तरह अनजाने ही कई लोग शिव और शंकर को एक ही सत्ता के दो नाम बताते हैं। असल में, दोनों की प्रतिमाएं अलग-अलग आकृति की हैं। शंकर को हमेशा तपस्वी रूप में दिखाया जाता है। कई जगह तो शंकर को शिवलिंग का ध्यान करते हुए दिखाया गया है। अत : शिव और शंकर दो अलग अलग सत्ताएं है। हालांकि शंकर को भी शिवरूप माना गया है। माना जाता है कि महेष (नंदी) और महाकाल भगवान शंकर के द्वारपाल हैं। रुद्र देवता शंकर की पंचायत के सदस्य हैं।

- **देवों के देव महादेव**
देवताओं की दैत्यों से प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी। ऐसे में जब भी देवताओं पर घोर संकट आता था तो वे सभी देवाधिदेव महादेव के पास जाते थे। दैत्यों, राक्षसों सहित देवताओं ने भी शिव को कई बार चुनौती दी, लेकिन वे सभी परास्त होकर शिव के समक्ष झुक गए इसीलिए शिव हैं देवों के देव महादेव। वे दैत्यों, दानवों और भूतों के भी प्रिय भगवान हैं। वे राम को भी वरदान देते हैं और रावण को भी।

- **शिव हर काल में**
भगवान शिव ने हर काल में लोगों को दर्शन दिए हैं। राम के समय भी शिव थे। महाभारत काल में भी शिव थे और विक्रमादित्य के काल में भी शिव के दर्शन होने का उल्लेख मिलता है। भविष्य पुराण अनुसार राजा हर्षवर्धन को भी भगवान शिव ने दर्शन दिए थे।

**संक्षिप्त समाचार**

### यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला : कीव पर बरसाईं मिसाइलें और ड्रोन, तीन की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शुक्रवार रात से शनिवार तड़के तक बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़ा हमला किया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने टेलीग्राम पर बताया कि सोलोमियांस्की जिले में पांच मंजिला एक रिहायशी इमारत मलबा गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के भीतर कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। वहीं, इमारत के आंगन में आग भी लग गई। क्लिचको ने बताया कि शेवचेंकिव्स्की जिले की एक अन्य रिहायशी इमारत की पहली और दूसरी मंजिल का हिस्सा ढह गया। यहां भी लोगों के फंसे होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि राजधानी के डारनित्स्की जिले में गोदामों में भी आग लग गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब दो दिन पहले ही रूस ने पूरे यूक्रेन में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से बड़े पैमाने पर हमला किया था। उस हमले में 10 नागरिकों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। वहीं, रूस की एक मिसाइल पोलैंड के हवाई क्षेत्र में भी प्रवेश कर गई थी।

### एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को न्योता देगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने कहा है कि वह 2027 में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए भारत को न्योता भेजेगा। पाकिस्तान का कहना है कि शिखर सम्मेलन के मेजबान के तौर पर सभी सदस्य देशों को न्योता देना उसकी जिम्मेदारी है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने बृहस्पतिवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या 2027 के एससीओ समिट के मेजबान के नाते पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समिट के लिए न्योता दिया जाएगा। अंद्राबी ने कहा, हां, शंघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार प्रमुख को न्योता दिया जाएगा, अगर वे सरकार प्रमुख के स्तर पर शामिल होना चाहें। न्योता भेजा जाएगा क्योंकि मेजबान के तौर पर यह पाकिस्तान की जिम्मेदारी है। हम समिट मीटिंग के लिए सभी राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों को न्योता देंगे। एससीओ की शिखर बैठकराष्ट्रपति स्तर पर होती है। एससीओ समिट और सरकार के प्रमुखों की बैठकों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बारी-बारी से हिस्सा लेते हैं।

### 10 मेंबर्स के साथ ब्रॉड पीक पर चढ़ाई कर रहे थे ; 4 शव बरामद, रेस्क्यू जारी

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के मशहूर पर्वतारोही निर्मल पुर्जा पाकिस्तान में हिमस्खलन यानी एवलांच की चपेट में आने के बाद लापता हो गए हैं। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान के अनुसार, काराकोरम इलाके में 8,051 मीटर ऊंचे ब्रॉड पीक पर चढ़ाई के दौरान करीब 7,000 मीटर की ऊंचाई पर यह हादसा हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, पुर्जा के साथ 9 मेंबर थे। शिखर पर चढ़ने की कोशिश के दौरान बर्फीले तूफान ने 10 सदस्यीय टीम को अपनी चपेट में ले लिया। लापता होने वालों में नेपाल के 6, पाकिस्तान, ओमान, अमेरिका और चीन का एक-एक पर्वतारोही शामिल है। इनमें से 4 के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है। एवरेस्ट क्रॉनिकल की रिपोर्ट के मुताबिक निर्मल पुर्जा के जीपीएस ट्रैकर में हल्की हलचल देखी गई है। हालांकि, एक्सपर्ट का कहना है कि यह तकनीकी खराबी भी हो सकती है। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार गुरुवार सुबह 9:38 बजे पुर्जा 6,659 मीटर की ऊंचाई पर थे। इसके बाद सुबह 10:18 बजे 800 मीटर की तेजी से गिरावट दर्ज की गई, जो एवलांच के समय से मेल खाती है। नेपाल पर्वतारोहण संघ के पूर्व अध्यक्ष आंग शेरिंग शेरपा ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर पहाड़ी इलाके में उतर नहीं पा रहे हैं, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ है। नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वे पाकिस्तान में स्थित नेपाली दूतावास के जरिए पाकिस्तानी सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं। और पर्वतारोहियों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान के उपाध्यक्ष करार हैदरी ने बताया कि हिमस्खलन के बाद से पूरी टीम से संपर्क टूट गया है। क्लब ने कहा कि वे सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव संसाधन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।

# बांग्लादेश में 3 महीनों में 74 लोगों की हत्या, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अप्रैल से जून 2026 के बीच हिंसा और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर मानवाधिकार संगठन अधिकार की ताजा रिपोर्ट ने गंभीर चिंताएं जताई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस तीन महीने की अवधि में भीड़ हिंसा और राजनीतिक संघर्षों में कुल 74 लोगों की मौत हुई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए। संगठन का कहना है कि भीड़ द्वारा की गई अधिकांश हत्याएं चोरी, डकैती या धार्मिक भावनाएं आहत करने के संदेह में की गईं, जो न्याय व्यवस्था पर लोगों के घटते भरोसे की ओर संकेत करती हैं।

रिपोर्ट में राजनीतिक दलों के भीतर गुटबाजी, जबरन वसूली और क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर बढ़ते संघर्षों का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा महिलाओं के खिलाफ अपराध, कथित न्यायेतर हत्याएं, जेलों में क्षमता से दोगुने कैदियों की मौजूदगी और पत्रकारों पर हमलों को भी प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने रखा गया है। मानवाधिकार संगठन ने सरकार से स्वतंत्र जांच, जवाबदेही तय करने और कानून के शासन को मजबूत करने की मांग की है ताकि हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघनों की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

**भीड़ हिंसा पर गंभीर चिंता :** रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ द्वारा मारे गए अधिकांश लोगों पर चोरी या डकैती का संदेह था। कुछ लोगों की हत्या गांवों में होने वाली अनौपचारिक पंचायतों (सलिश) के दौरान या धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में की गई। संगठन ने कहा कि यह स्थिति कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर लोगों के घटते भरोसे को दर्शाती है, जिसके कारण लोग खुद कानून हाथ में ले रहे हैं।

**राजनीतिक गुटबाजी बनी वजह :** वहीं रिपोर्ट में आगे बताया गया कि इस अवधि में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के भीतर आपसी संघर्ष की 57 घटनाएं दर्ज हुईं, जबकि नेशनल सिटिज़न पार्टी (एनसीपी) में दो घटनाएं सामने आईं। बीएनपी की अंदरूनी गुटबाजी में चार लोगों की मौत हुई और 400 लोग घायल हुए, जबकि एनसीपी के आंतरिक संघर्ष में 16 लोग घायल हुए। बीएनपी के भीतर विवाद जबरन वसूली, क्षेत्रीय वर्चस्व, खुदाई की मिट्टी की बिक्री, स्थानीय चुनाव टिकट, पार्टी सम्मेलन और राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर थे। कई घटनाओं में आग्नेयास्त्र और अन्य घातक हथियारों का इस्तेमाल भी किया गया।

**तीन महीने में 74 मौतें :** मानवाधिकार संगठन ने आरोप लगाया कि बीएनपी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं पर जबरन वसूली, जमीन कब्जाने, अपहरण, दुष्कर्म, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों पर हमले, पुलिस के काम में बाधा डालने और राजनीतिक विरोधियों पर हमले जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। बांग्लादेश के मानवाधिकार संगठन 'अधिकार' की तिमाही रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल-जून 2026 के दौरान भीड़ हिंसा और राजनीतिक संघर्षों में 74 लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध, जेलों में भीड़भाड़ और पत्रकारों पर हमलों को भी गंभीर चिंता का विषय बताया गया। रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर भी चिंता जताई गई है। अप्रैल-जून के दौरान 255 दुष्कर्म पीड़ितों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जिनमें 93 महिलाएं और 161 लड़कियां शामिल थीं। संगठन ने कहा कि डीएनए जांच की सीमित सुविधा, मेडिकल रिपोर्ट में देरी, पीड़ितों और गवाहों की सुरक्षा का अभाव तथा अदालतों में लंबित मामलों के कारण दुष्कर्म पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि रिपोर्ट में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कथित तीन न्यायेतर हत्याओं (एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग) का भी उल्लेख किया गया है। इनमें एक व्यक्ति की कथित तौर पर डिटेक्टिव ब्रांच की हिरासत में यातना से मौत, एक व्यक्ति की मादक पदार्थ नियंत्रण विभाग की कार्रवाई के दौरान पिटाई से मौत और एक मछुआरे की वन विभाग की गश्ती टीम द्वारा गोली मारकर हत्या शामिल है। रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार, 17 मई तक बांग्लादेश की 75 जेलों में उनकी क्षमता 43,157 के मुकाबले 85,000 से अधिक कैदी बंद थे। इस दौरान बीमारी के कारण 16 कैदियों की मौत हुई। संगठन ने जेलों में भीड़भाड़, अपर्याप्त भोजन और डॉक्टरों की कमी को गंभीर समस्या बताया। मानवाधिकार संगठन ने यह भी कहा कि इस अवधि में पत्रकारों पर हमलों की कई घटनाएं हुईं। 17 पत्रकार घायल, पांच के साथ मारपीट, चार पर हमले और सात को धमकियां दी गईं।

## स्यूटा माइग्रेशन संकट : इटली के बाद फ्रांस ने भी स्पेन के साथ बॉर्डर कंट्रोल किया सख्त

**पेरिस , एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मोरक्को के उत्तर में स्थित स्पेनिश इलाके स्यूटा में बड़ी संख्या में माइग्रेंट्स आने के बाद फ्रांस ने स्पेन के साथ सीमा नियंत्रण बढ़ा दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सेउटा में शेंगेन क्षेत्र की तरह मुक्त आवागमन की सुविधा नहीं है। हालांकि, मैंने कल गृह मंत्री से कहा था कि यदि जरूरत पड़ी तो स्पेन से लगी हमारी सीमा पर नियंत्रण और कड़ा किया जाए। इसके लिए चार मोबाइल पुलिस इकाइयां, एक विमान और ड्रोन तैनात किए गए हैं।' स्यूटा के स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, हाल के दिनों में करीब 60,000 माइग्रेंट्स जमीन और समुद्र के रास्ते से गैर-कानूनी तरीके से स्यूटा में घुसे हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने स्पैनिश डेली एल पेस के हवाले से बताया कि तैरकर इलाके में पहुंचने की कोशिश करते समय 57 माइग्रेंट्स की मौत हो गई।

स्पेनिश सरकार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक, करीब 48,000 माइग्रेंट्स मोरक्को लौटने के लिए स्पैनिश इलाके को छोड़ चुके थे।

इस बीच, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शुक्रवार शाम को कहा कि रोम इटली की सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए असाधारण कदम उठाने के लिए तैयार है। पीएम मेलोनी के इस फैसले में स्पेन के साथ शेंगेन एरिया को सस्पेंड करना भी शामिल है।

पीएम मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा बयान में जोर देकर कहा, 'स्यूटा से आ रही तस्वीरें हैरान करने वाली हैं और एक बार फिर दिखाती हैं कि बिना कंट्रोल वाला गैर-कानूनी इमिग्रेशन यूरोप के बॉर्डर की सुरक्षा के लिए एक पक्का खतरा है। मैंने गृह मंत्री माटेओ पियांटेडोसी से बात की है। इटली चुपचाप खड़ा होकर नहीं देखेगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'हम संबंधित विभाग को बुला रहे हैं, और इन बैठकों के बाद हम सीमा की रक्षा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खास कदम उठाने के लिए तैयार हैं, जिसमें स्पेन के साथ शेंगेन एरिया को सस्पेंड करना भी शामिल है। गैर-कानूनी इमिग्रेशन पर हम एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। सीमा की रक्षा करना, मानव तस्करी को रोकना और प्रभावी तरीके से लोगों को वापस लाना इस सरकार की लाइन बनी रहेगी।

इटली के डिप्टी पीएम एंटोनियो तजानी ने भी ऐसी ही अपील की। तजानी ने स्पेन सरकार के 500,000 से ज्यादा अनियमित इमिग्रेंट्स को स्पैनिश और यूरोपीय नागरिकता देने के फैसले को बहुत गलत बताया और स्पेन के लिए शेंगेन एरिया बंद करने का सपोर्ट किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं स्पेन के लिए शेंगेन एरिया बंद करने के पक्ष में हूं, और मुझे मंत्री पियांटेडोसी पर पूरा भरोसा है। अनियमित और अनियंत्रित इमिग्रेशन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सेउटा से आ रही तस्वीरें दिखाती हैं कि मैड्रिड सरकार का 500,000 से ज्यादा अनियमित इमिग्रेंट्स को स्पेनिश और, इसलिए यूरोपीय नागरिकता देने का फैसला कितना गलत है और मानव तस्करी को बढ़ावा देता है।

## मॉस्को के रेस्टोरेंट के बाहर बम धमाका, 3 की मौत, 21 घायल

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में शनिवार शाम एक निजी कार्यक्रम के दौरान हुए बम धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। शहर के व्यस्त इलाके में स्थित बाल्जी रसोई रेस्टोरेंट के बाहर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में वह महिला भी शामिल बताई जा रही है, जो कथित तौर पर एक गिफ्ट बॉक्स लेकर रेस्टोरेंट पहुंची थी। यह धमाका मॉस्को के कुद्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित रेस्टोरेंट के प्रवेश द्वार के पास हुआ। घटना के समय रेस्टोरेंट आम ग्राहकों के लिए बंद था और वहां एक निजी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। यह इलाका मॉस्को के प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है। शुरुआती जांच के अनुसार, महिला एक कूरियर की तरह गिफ्ट बॉक्स लेकर वहां पहुंची थी। सुरक्षा गार्ड को पैकेट पर शक हुआ और वह उसकी जांच करने लगा। इसी दौरान अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि धमाका रिमोट कंट्रोल से कराया गया हो सकता है। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक विस्फोटक में करीब एक किलोग्राम टीएनटी के बराबर सामग्री थी। इसमें धातु की छोटी-छोटी गोलियां भी शामिल थीं, ताकि विस्फोट के दौरान ज्यादा नुकसान हो सके। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि हमले के पीछे कौन है और इसका उद्देश्य क्या था। जांच एजेंसियां महिला की भूमिका की भी जांच कर रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि संभव है कि महिला को खुद इस बात की जानकारी न हो कि जिस पैकेट को वह पहुंचाने आई थी, उसमें विस्फोटक मौजूद था। अधिकारियों का मानना है कि असली निशाना रेस्टोरेंट में चल रहा निजी कार्यक्रम हो सकता है, जिसमें कई विशेष मेहमान शामिल थे। विस्फोट के बाद पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया। पुलिस, फोरेंसिक विशेषज्ञ और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अधिकारियों ने मामले की जांच तेज कर दी है। फिलहाल किसी आतंकी संगठन या संदिग्ध व्यक्ति का नाम सामने नहीं आया है। सुरक्षा एजेंसियां घटनास्थल से मिले सबूतों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर धमाके की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हैं।

## [illegible]

**कीव (एजेंसी)।** रूस के ताजा मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और यूरोपीय देशों से तुरंत पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर मिसाइल भेजने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये मिसाइलें लोगों की जान बचाने के लिए हैं, इसलिए इन्हें गोदामों में रखने के बजाय यूक्रेन भेजा जाना चाहिए। रूस ने शनिवार रात कीव समेत कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमला किया था। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक हमले में 9 लोगों की मौत हुई, जबकि करीब 40 लोग घायल हुए हैं।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस ने रातभर में 35 मिसाइलें, जिनमें 27 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, और करीब 185-190 ड्रोन दागे। इनमें से यूक्रेन केवल एक बैलिस्टिक मिसाइल को ही रोक सका, क्योंकि पैट्रियट सिस्टम के लिए इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप जानते हैं कि हमें क्या चाहिए। अब




केवल राजनीतिक फैसला लेने की जरूरत है। बैलिस्टिक रोधी मिसाइलें लोगों की रक्षा करें, गोदामों में न पड़ी रहें। हर दिन की देरी रूस को हमारे लोगों की जान लेने का एक और मौका देती है।

**रूस नई रणनीति अपना रहा, नए प्रतिबंध लगाएं**

जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस अब जेट इंजन से लैस शाहेद ड्रोन का अधिक इस्तेमाल कर रहा है और युद्ध लंबा खिंचने का फायदा उठाकर नई हमलावर रणनीतियां विकसित कर रहा है। उन्होंने अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों से रूस के मिसाइल, लॉन्चर और हथियार उद्योग से जुड़े लोगों और कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाने की भी अपील की। साथ ही कहा कि रूस के तेल शोधन और ईंधन क्षेत्र को मिलने वाली मदद रोकना भी जरूरी है, ताकि उसकी युद्ध क्षमता कमजोर हो सके।

**सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि हमले में कीव स्थित यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निशाना बनाया गया। वहीं यूक्रेन का कहना है कि हमले में रिहायशी इलाके और नागरिक भी प्रभावित हुए। जेलेंस्की ने रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमेरिका के साथ होने वाली आगामी कूटनीतिक बातचीत की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यूक्रेन को हथियारों और वायु रक्षा प्रणाली को लेकर सहयोगी देशों से ठोस समर्थन मिलेगा।

## घरों में लूटपाट, सड़कों पर आगजनी... कैसे सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला पड़ा भारी ? प्रवासी हिंसा से दहल उठा स्पेन

**मैड्रिड, एजेंसी।** यूरोप के देश स्पेन में इस समय युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। उत्तरी अफ्रीका में स्थित स्पेन के स्वायत्त क्षेत्र सेउटा में मोरक्को से लगभग 60,000 अवैध प्रवासियों की भारी भीड़ ने अचानक घुसपैठ कर दी है। समुद्र के रास्ते तैरकर और छोटी नावों के जरिए आए इन प्रवासियों ने सेउटा की सड़कों पर जमकर उत्पाद मचाया है, जिससे समूचे यूरोप में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस दौरान हुई हिंसा, भगदड़ और समुद्र में डूबने की घटनाओं में अब तक कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है।



**सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने खोली घुसपैठ की राह :** इस संकट के पीछे स्पेन की सुप्रीम कोर्ट का एक हालिया कानूनी फैसला मुख्य कारण बताया जा रहा है। दरअसल, कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि समुद्र के रास्ते स्पेन की सीमा में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के तुरंत वापस नहीं भेजा जा सकता। इस कानूनी खामी का फायदा उठाकर हजारों की संख्या में युवा और बच्चे समुद्र के रास्ते सेउटा और मेलिला के तटों पर पहुंच गए। सेउटा के राष्ट्रपति जुआन जीसस विवास ने इसे एक बड़ा 'मानवीय और सामाजिक आपातकाल' घोषित किया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, सेउटा की सड़कों पर अराजकता का माहौल है। भूख से बेहाल प्रवासियों की भीड़ जबरन लोगों के घरों और दुकानों में घुस रही है। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया और इमारतों की खिड़कियां तोड़कर अंदर दाखिल होने की कोशिश की। स्थिति को संभालने के लिए स्पेन सरकार ने सेना और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए हैं, लेकिन भीड़ इतनी अधिक है कि सुरक्षाकर्मी खुद को बेबस महसूस कर रहे हैं। स्पेन के इस संकट ने पड़ोसी यूरोपीय देशों की भी नींद उड़ा दी है। चूंकि स्पेन यूरोपीय संघ का हिस्सा है, इसलिए वहां से प्रवासियों के अन्य देशों में फैलने का खतरा बढ़ गया है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने इसे यूरोप की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा बताया है और संकेत दिए हैं।

## श्रीलंका ईस्टर धमाकों पर बड़ा फैसला, अदालत ने कौन से बड़े अधिकारियों को ठहराया दोषी ?

**कोलंबो , एजेंसी।** श्रीलंका में 2019 के ईस्टर संडे बम धमाकों के मामले में हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने पूर्व पुलिस प्रमुख पुजित जयसुंदरा और रक्षा मंत्रालय के पूर्व शीर्ष अधिकारी हेमासिरी फर्नांडो को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें पहले से मिली खुफिया चेतावनियों पर कार्रवाई नहीं करने का दोषी माना। अदालत ने अपने फैसले में क्या कहा और यह मामला फिर कैसे खुला? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं... श्रीलंका के 2019 ईस्टर संडे बम धमाकों के मामले में हाई कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए देश के पूर्व पुलिस प्रमुख पुजित जयसुंदरा और रक्षा मंत्रालय के तत्कालीन शीर्ष नौकरशाह हेमासिरी फर्नांडो को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों को पहले से मिली खुफिया जानकारी पर कार्रवाई नहीं करने और अपने कर्तव्य में आपराधिक लापरवाही बरतने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि समय रहते कार्रवाई होती तो इस बड़े हमले को रोका जा सकता था।

**ईस्टर संडे हमले में क्या हुआ था :** 21 अप्रैल 2019 को ईस्टर संडे के दिन श्रीलंका में चर्चों और लग्जरी होटलों को निशाना बनाकर सिलसिलेवार आत्मघाती बम धमाके किए गए थे। इन हमलों में 279 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 45 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। यह श्रीलंका के इतिहास के सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक माना जाता है। जांच में सामने आया था कि हमले से पहले भारत की एजेंसियों ने संभावित हमले को लेकर खुफिया सूचना दी थी।

**अदालत ने दोनों अधिकारियों को किस आधार पर दोषी माना :** हाई कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति प्रियंथा लियानागे और न्यायमूर्ति थिलकरत्ने बंडारा ने बहुमत के फैसले में कहा कि खुफिया जानकारी पर लापरवाही बरतने के कारण 268 लोगों की जान गई और 586 लोग घायल हुए। अदालत ने कहा कि तत्कालीन पुलिस प्रमुख पुजित जयसुंदरा नागरिकों की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे। अदालत ने दोनों अधिकारियों को आपराधिक लापरवाही का दोषी मानते हुए मौत की सजा सुनाई। हालांकि, पीठ के तीसरे सदस्य न्यायमूर्ति विराज वीरसूर्या ने असहमति जताते हुए दोनों को बरी करने का मत दिया।

**यह मामला दोबारा अदालत तक कैसे पहुंचा :** पुजित जयसुंदरा और हेमासिरी फर्नांडो को 2019 में गिरफ्तार किया गया था। दोनों चार महीने तक हिरासत में रहे और बाद में जमानत पर रिहा हुए। नवंबर 2021 में उन पर भारतीय एजेंसियों से मिली खुफिया चेतावनी के बावजूद कार्रवाई नहीं करने के आरोप में अभियोग तय किए गए। हालांकि फरवरी 2022 में हाई कोर्ट ने दोनों को बरी कर दिया था और उनके खिलाफ लगाए गए सभी 855 आरोप खारिज कर दिए थे। बाद में अटॉर्नी जनरल ने इस फैसले को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि पिछली सुनवाई में बचाव पक्ष का कोई गवाह पेश नहीं हुआ था। इसके बाद नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मामले की फिर से सुनवाई शुरू हुई।

**तत्कालीन सरकार पर क्या आरोप लगे :** हमलों के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की सरकार पर भी गंभीर सवाल उठे थे। आरोप था कि भारत से पहले ही हमले की चेतावनी मिलने के बावजूद सरकार ने समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए। अदालत के फैसले के बाद पुजित जयसुंदरा श्रीलंका पुलिस के 150 से अधिक वर्षों के इतिहास में ऐसे सबसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बन गए हैं, जिन्हें मुकदमे के बाद मौत की सजा सुनाई गई है।

# भारत की नकल कर पाकिस्तान ने बनाई 'कॉकरोच पार्टी'

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन का असर अब पाकिस्तान में भी दिखने लगा है। भारत के युवाओं के आइडिया को चुराते हुए सोशल मीडिया पर 'कॉकरोच पार्टी पाकिस्तान' नाम से खाता बनाया गया है। यह सोशल मीडिया खाता भ्रष्टाचार, खराब शासन और आर्थिक संकट के मुद्दों को उठा रहा है।

**क्या है इस समूह का एजेंडा:** इस समूह का कहना है कि उसका एजेंडा आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता, अच्छी शिक्षा, देश के ऊर्जा संकट को हल करना और पानी की कमी की समस्या दूर करना है। इंस्टाग्राम पर इस समूह के खाते पर 1.12 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। आंदोलन का नारा है - पाकिस्तान इसके लोगों का है, भ्रष्ट माफियाओं का नहीं। समूह खुद को युवाओं की ओर से चलाया जा रहा एक ऐसा अभियान बताता है, जो एकता और बदलाव की बात करता है। इंस्टाग्राम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस खाते को मई में बनाया गया था और इसे कनाडा से चलाया जा रहा है। इसी महीने इसे सत्यापित (वेरिफाइड) भी किया गया है।

**क्या राजनीति में उतरने की तैयारी है :** कॉकरोच पार्टी पाकिस्तान ने पार्टी के अलग-अलग पदों के लिए आवेदन भी मांगे हैं। इससे संकेत मिलता है कि यह समूह सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि अपना संगठन खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।

**घोषणापत्र में समूह ने क्या कहा :** हाल ही में जारी किए गए अपने घोषणापत्र में समूह ने कहा कि यह आम पाकिस्तानियों खासकर युवाओं की आवाज है। ये लोग भ्रष्टाचार, परिवारवाद वाली राजनीति और ऐसी व्यवस्था से परेशान हैं, जहां कुछ खास लोगों को ज्यादा लाभ मिलता है। समूह ने पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक सुधारों को बढ़ावा देने का वादा किया है। साथ ही रोजगार बढ़ाने, शिक्षा, शासन व्यवस्था में सुधार और पाकिस्तान के ऊर्जा संकट के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया है।



**क्या राजनीतिक बदलाव ला पाएगा समूह :** हालांकि, सोशल मीडिया पर इसकी बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद इस आंदोलन के वास्तविक जनसमर्थन, संगठन की ताकत और ऑनलाइन समर्थन को एक बड़े राजनीतिक प्रभाव में बदलने की क्षमता पर सवाल बने हुए हैं।

**पाकिस्तान में क्यों बढ़ रही ऐसी नाराजगी :** ऐसे समूहों का सामने आना पाकिस्तान में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और शासन से जुड़ी परेशानियों के प्रति लोगों की नाराजगी को भी दिखाता है। पाकिस्तान की सैन्य-राजनीतिक व्यवस्था के आलोचकों का कहना है कि नागरिक मामलों में बार-बार सैन्य दखल से लोकतांत्रिक संस्थाएं और जवाबदेही कमजोर हुई है।

आलोचकों ने सेना प्रमुख असीम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और व्यापक नागरिक-सैन्य व्यवस्था पर आरोप लगाया है कि वे महंगाई, बेरोजगारी, शासन की कमियों और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाए हैं। उनका कहना है कि इससे सत्ता कुछ मजबूत राजनीतिक और संस्थागत समूहों के हाथों में बनी हुई है। इस समूह के सामने आने के बाद पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के हाथ-पांव फूल गए हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें वह कहते सुनाई दे रहे हैं- अब एक नौजवान को आप कुछ भी कह सकते हैं, सिर्फ एक नौजवान या फिर कॉकरोच या फिर कुछ और। लेकिन सच्चाई यह है कि अगर ये कॉकरोच एकजुट हो गए तो ये सबकुछ उलट-पुलट कर देंगे। नवकी ने पाकिस्तान आर्थिक सम्मेलन में कहा, हम वर्तमान में जिस व्यवस्था में रह रहे हैं, वो पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

अब इस व्यवस्था में रहते हुए समाधान की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अब जब तक बड़े सुधार नहीं होंगे, पाकिस्तान उन्हीं मुद्दों पर चर्चा करता रह जाएगा, जिस पर वो एक दशक पहले भी चर्चा करता था। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान के लोग भी ऐसी न्याय व्यवस्था चाहते हैं, जहां उन्हें समान अवसर मिले, जहां उनकी मेहनत का सम्मान हो। नकवी के मुताबिक, पाकिस्तान को अब ऐसी व्यवस्था चाहिए, जहां पर स्थानीय सरकारों को ज्यादा ताकत दी जाए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com